बुधवार, 26 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 24 |
| आर्द्रता | 52% |
| सूर्योदय: 5:36 | सूर्यास्त: 17:50 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : दुख सुनाएं और तमाशा बन जायें इससे बेहतर मुस्कुरायें और चुप रहें।



पंजाब ने गुजरात को 11 रन से हराया

-पृष्ठ 8

## ममता बनर्जी ने लंदन में की बंगाल की उपलब्धियों की चर्चा

# 'बंगाल में निवेश करें, विकास का हिस्सा बनें'

### बंगाल में बेरोजगारी 46 प्रतिशत घटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंदन में भारतीय दूतावास में एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की प्रमुख उपलब्धियों और विकास कार्यों पर बात की। उन्होंने राज्य के पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती संभावनाओं को उजागर किया और बताया कि दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और मिरिक जैसे स्थल राज्य को पर्यटन के लिए और अधिक आकर्षक बना रहे हैं। इस कार्यक्रम में उनके साथ मुख्य सचिव मनोज पंथ भी थे। ममता बनर्जी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारे पास जंगल, पहाड़ और समुद्र सब कुछ है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे दो बार




रेल मंत्री रही हैं और सात बार सांसद रह चुकी हैं। इसके अलावा, उन्होंने पश्चिम बंगाल में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर भी बात की, जहां उनकी पार्टी में 39 प्रतिशत महिला सांसद हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के पर्यटन क्षेत्र में बढ़ती संभावनाओं को भी उजागर किया। उन्होंने दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और मिरिक जैसे स्थानों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये स्थल राज्य को पर्यटन के लिहाज से और भी आकर्षक बना रहे हैं। साथ ही, राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों की जानकारी देते हुए ममता ने बताया कि अब बंगाल में 38 मेडिकल कॉलेज और 32 मल्टी सुपर अस्प-ताल कार्यरत हैं। धर्म, जाति और समुदाय से परे बंगाल में एकता बनाए रखने पर जोर देते हुए ममता ने कहा, हमारे शहर में सभी लोग एक साथ रहते हैं और हर प्रकार के त्योहार समान रूप से मनाए जाते हैं। ममता बनर्जी ने बंगाल में बेरोजगारी में 46 प्रतिशत कमी की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा, क्या यह बड़ी सफलता नहीं है? उन्होंने राज्य में चल रहे सामाजिक कल्याण कार्यों का भी उल्लेख किया, जिसमें 94 योजनाएं संचालित हो रही हैं। साथ ही, उन्होंने राज्य की जीडीपी में 6.8 प्रतिशत वृद्धि की बात कही, जो राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। मुख्यमंत्री ने ब्रिटेन से बंगाल के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू करने की अपील की, और निवेशकों को आश्वस्त किया कि वे यहां लाभ कमाएंगे। अंत में, उन्होंने राज्य में खेलों के क्षेत्र में हो रहे विकास की बात की और कहा कि बंगाल में स्पोर्ट्स स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं।

## बिहार के आरा रेलवे स्टेशन पर ताबड़तोड़ चली गोलियां, बाप-बेटी समेत 3 लोगों की मौत

**आरा:** भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के आरा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 के फुट ब्रिज पर मंगलवार को हथियारबंद युवक ने एक युवती समेत दो को लोगों को गोली मार दी, दोनों की हत्या के बाद युवक ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। तीनों लोगों की घटना स्थल पर मौत हो गई। दिन दहाड़े इस वारदात के बाद आरा स्टेशन पर दहशत फैल गई है। युवती अपने पिता के साथ दो नंबर प्लेटफार्म पर जा रही थी तभी युवक ने गोलियां बरसा दीं। अब मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।



तीन लोगों की मौत की घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी मच गई है। बताया जा रहा है कि पिता और पुत्री को गोली मारने के बाद युवक ने खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बताया जा रहा है कि उदवंत नगर थाना क्षेत्र के भिलाई गांव के रहने वाले अनिल कुमार अपने पुत्री आयुषी कुमारी उर्फ जिया को ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर जा रहे थे। तभी अचानक भोजपुर जिले के उदवंत नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले शत्रुघ्न सिंह का बेटा अमन कुमार वहां पहुंचा और ताबड़तोड़ पिता-पुत्री पर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहीं खुद अमन ने गोली मारकर अपने आप को समाप्त कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने जीआरपी एवं स्थानीय थाना पुलिस को दी। अब मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंच गई है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। घटनास्थल पर पुलिस के वरीय अधिकारी पहुंच गए हैं और पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं मृतकों के परिजन भी रेलवे स्टेशन पहुंच गए और वहां चीख पुकार मच गई।

## सरकार ने साइबर धोखाधड़ी के मामलों में 7.81 लाख सिमकार्ड, 83 हजार से अधिक व्हॉट्सऐप खाते ब्लॉक किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इस साल 28 फरवरी तक डिजिटल धोखाधड़ी से जुड़े 7.81 लाख से ज्यादा सिम कार्ड ब्लॉक किए हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने सदन को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पुलिस अधिकारियों द्वारा चिह्नित कुल 2,08,469 आईएमईआई को भारत सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी (आईएमईआई) हर फोन को दिया जाने वाला एक विशिष्ट नंबर होता है। मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने डिजिटल अरेस्ट के लिए इस्तेमाल किए गए 3,962 से ज्यादा स्काइप आईडी और 83,668 व्हॉट्सऐप अकाउंट की पहचान करके उन्हें ब्लॉक कर दिया है।

## सट्टेबाजी ऐप्स के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर

**नयी दिल्ली :** युवाओं पर सट्टेबाजी ऐप के विनाशकारी प्रभाव का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करके उन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि के. ए. पॉल द्वारा दायर जनहित याचिका में क्रिकेटर और बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय अभिनेताओं सहित मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। इसके अनुसार इन मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई सट्टेबाजी मंचों का समर्थन करके ''अपने प्रशंसकों को गुमराह करने और हानिकारक व्यवहार को प्रोत्साहित करने'' के लिए करने का अनुरोध किया गया है।

## कश्मीर में सक्रिय दो बड़े अलगाववादी गुटों ने तोड़ा हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता

**श्रीनगर:** जम्मू- कश्मीर में अलगाववादी संगठन ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस को एक बड़ा झटका लगा है। जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से सारे रिश्ते तोड़ने का ऐलान किया है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से ही यह संगठन घाटी में निष्क्रिय हो गया था। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की जीत बताया है। उनका कहना है कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण जम्मू और कश्मीर से अलगाववाद को खत्म हो गया है।

### अमित शाह ने किया फैसले का स्वागत

डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट के नेता मोहम्मद शफी रेशी ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के कट्टरपंथी गिलानी ग्रुप से पूरी तरह नाता तोड़ लिया है। इसके अलावा जम्मू -कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट ने भी अलगाववाद से संबंध करने की घोषणा की है। घाटी में हुए इस बड़े घटनाक्रम का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह ने लिखा है कि कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन गया है। मोदी सरकार की एकजुट करने वाली नीतियों ने जम्मू -कश्मीर से अलगाववाद को बाहर कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में एक अच्छा कदम है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के अन्य ग्रुपों से भी अलगाववाद छोड़ने की अपील की है।

## भारत दुनिया का शीर्ष दुग्ध उत्पादक देश: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को कहा कि भारत दुनिया में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक देश है और उसने अगले पांच वर्षों में दूध उत्पादन वर्तमान 23.9 लाख मीट्रिक टन से 30 लाख मीट्रिक करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने लोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि जब से मोदी सरकार ने 2014 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) शुरू किया है, तब से देश में दूध उत्पादन में 63.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सरकार को अगले तीन वर्षों में इसमें 15 प्रतिशत की और वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''भारत अब दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। हमने अगले पांच वर्षों में वर्तमान 23.9 लाख मीट्रिक टन दूध उत्पादन से 30 लाख मीट्रिक टन उत्पादन पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।''

## वाहन कबाड़ नीति से कलपुर्जों की कीमतें 30 प्रतिशत घटेंगी : गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि वाहन कबाड़ नीति से कलपुर्जों की कीमतों में 30 प्रतिशत की कमी आने की उम्मीद है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में 'टाइम्स ड्राइव ऑटो अवार्ड्स 2025' में कहा कि ऐसे में वाहनों की कीमत में भी कमी आ सकती है, जिसका फायदा उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहरों और राजमार्गों पर चार्जिंग अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए सरकार के विभिन्न कदमों से ईवी की मांग बढ़ेगी। गडकरी ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में कमी आने से ईवी की स्वीकार्यता में भी तेजी आएगी। मंत्री ने कहा, ''हम कबाड़ नीति लेकर आए हैं, जिससे वाहन कलपुर्जों की कीमतों में 30 प्रतिशत की कमी आएगी।''

## 'एक देश एक चुनाव' विधेयक संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करते : अटॉर्नी जनरल

**नयी दिल्ली :** अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने मंगलवार को एक संसदीय समिति से कहा कि एक साथ चुनाव कराने से जुड़े विधेयक संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करते और कानून की दृष्टि से सही हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश हुए कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने संविधान संशोधन विधेयक के कुछ पहलुओं पर विभिन्न सदस्यों की चिंताओं को साझा किया। वहीं वेंकटरमणी ने जोर दिया कि प्रस्तावित कानूनों में किसी संशोधन की आवश्यकता नहीं है। विपक्षी दलों ने इन विधेयकों को संविधान का उल्लंघन बताया है। हालांकि, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल, जो अभी दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष हैं, ने अपनी प्रस्तुति में ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' प्रस्ताव के सकारात्मक पहलुओं के साथ-साथ चुनौतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अवधारणा राष्ट्र के लिए अच्छी है और किसी भी प्रस्तावित कानून में हमेशा सुधार किया जा सकता है।

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## मानसून सत्र में आ सकता है आयकर विधेयक: वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि नया आयकर विधेयक संसद के आगामी मानसून सत्र में चर्चा के लिए लाया जा सकता है। उन्होंने सदन में वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। सीतारमण ने इस बात का उल्लेख किया कि 'आयकर विधेयक, 2025' पर प्रवर समिति विचार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में चर्चा के लिए लाया जा सकता है। वित्त मंत्री ने गत 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से



इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस विधेयक पर विचार करने के लिए 14 फरवरी को 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। विधेयक, जो आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा, का उद्देश्य भारत की कर प्रणाली को सरल और आधुनिक बनाना है। यह कानूनी भाषा को भी सरल बनाएगा, ताकि करदाता प्रावधानों को आसानी से समझ सकें। विधेयक के अंतर्गत नये कर नहीं लगाए जाएंगे।

## भाजपा ने मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंच के लिए 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम शुरू किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों तक पहुंच बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत ईद के जश्न से पहले मुसलमानों के बीच खाने-पीने की चीजों और महिलाओं के लिए कपड़ों से भरी 'सौगत-ए-मोदी' किट वितरित की जा रही है। इस कार्यक्रम की शुरुआत करने वाले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अगले महीने 'सौगत-ए-मोदी' कार्यक्रम के तहत अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के आर्थिक रूप से कमजोर सदस्यों के बीच उनके त्योहारों के दौरान इसी तरह की किट वितरित की जाएंगी। सिद्दीकी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते हैं कि वह 140



करोड़ भारतीयों के अभिभावक हैं और वह सभी त्योहारों में हिस्सा लेते हैं। वह क्रिसमस, 'ईस्टर', बैसाखी में हिस्सा लेते हैं और निजामुद्दीन दरगाह व अजमेर शरीफ पर चढ़ाने के लिए 'चादर' भेजते हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, इसलिए हमने फैसला किया है कि हम अपने गरीब भाई-बहनों को भोजन के साथ किट देंगे। प्रत्येक किट में हमारी बहनों के लिए कपड़े भी होंगे। सिद्दीकी ने कहा कि इस कार्यक्रम को लागू करने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के 32,000 कार्यकर्ता लगे हुए हैं, जिनमें राज्य, जिला और मंडल स्तर की इकाइयों के पदाधिकारी भी शामिल हैं।

## नकदी बरामदगी विवाद: उच्चतम न्यायालय की आंतरिक समिति ने जांच शुरू की

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय आंतरिक समिति ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े कथित नकदी बरामदगी विवाद की जांच मंगलवार को शुरू कर दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। समिति में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि समिति के तीनों सदस्य न्यायमूर्ति वर्मा के 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित आधिकारिक आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि तीनों न्यायाधीश करीब 30-35 मिनट तक न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के अंदर रहे और निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास में 14 मार्च को रात करीब 11.35 बजे आग लगने के बाद अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई तथा इस दौरान कथित तौर पर नकदी बरामद हुई। इस घटना के बाद 22 मार्च को भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की।

# मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु समेत किसी राज्य से भेदभाव नहीं: सरकार

### मनरेगा के सवाल पर केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने लोकसभा में दिया जवाब

### बंगाल में फंड का हुआ दुरुपयोग

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि तमिलनाडु को एक वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत उत्तर प्रदेश से अधिक धनराशि दी गई है, जबकि इसकी जनसंख्या उत्तरी राज्य की 20 करोड़ की आबादी की तुलना में सात करोड़ ही है। इस पर द्रमुक के सांसदों ने आपत्ति जताई। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत धनराशि जारी करने में कभी किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया है। पेम्मासानी ने यह भी कहा कि मनरेगा के तहत पश्चिम बंगाल को दिए गए धन के कथित दुरुपयोग के कई मामले सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल में योजना के क्रियान्वयन के बारे में पूछे गए एक पूरक प्रश्न के उत्तर में



उन्होंने कहा कि राज्य में 'कई चीजें गलत हुईं'। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, धन का 'दुरुपयोग' हुआ। मंत्री ने कहा, ''हमने एक ऑडिट टीम राज्य में भेजी। उन्होंने 44 ऐसे काम पाए जिनमें अनियमितताएं थीं। उन्होंने 34 मामलों में पूरी वसूली की। अभी भी 10 अन्य काम पूरे किए जाने बाकी हैं। वित्तीय गड़बड़ी 5.37 करोड़ रुपये की थी। इसमें से उन्होंने 2.39 करोड़ रुपये वसूल किए हैं। कुछ चीजों पर अभी भी ध्यान देने की जरूरत है।'' पेम्मासानी ने कहा कि जैसे ही इन चीजों पर ध्यान दिया जाएगा, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य के संबंधित मंत्री के साथ बैठकर मुद्दों को सुलझाएंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु को इस वित्त वर्ष में 7,300 करोड़ रुपये मिल चुके हैं, इससे पहले भी, सात करोड़ की आबादी वाले तमिलनाडु को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मिले थे, जबकि उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ है और उसे करीब 10,000 करोड़ रुपये मिले थे। मंत्री ने कहा, ''पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं है।'' उनके उत्तर पर द्रमुक सदस्यों ने कड़ा विरोध किया। ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने भी सरकार का बचाव करते हुए कहा, ''चाहे तमिलनाडु हो या पश्चिम बंगाल, मोदी सरकार ने कभी किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया है। सामग्री लागत सहित लंबित मनरेगा बकाया जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''संप्रग के तहत, 2006-07 से 2013-14 तक, पश्चिम बंगाल में 111 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए थे और 14,985 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी, जबकि हमने (राजग सरकार में) 239 करोड़ मानव दिवस सृजित किए हैं और पश्चिम बंगाल को 54,515 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।'' मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसद आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य भी विरोध में शामिल हो गए।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.

INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars    Toll Free No. 1800 889 1704

## न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर आंच

दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के एक स्टोररूम से कथित रूप से बेहिसाब नगदी की बरामदगी ने देश के जनमानस व न्यायिक बिरादरी को झकझोरा है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की एक जांच समिति गठित की है। वहीं पारदर्शिता सुनिश्चित करने और गलत सूचनाओं को दूर करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की है। इस रिपोर्ट ने निष्कर्ष दिया है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है। ऐसा जरूरी भी था क्योंकि उच्च न्यायपालिका की ईमानदारी और विश्वसनीयता दांव पर है। हालांकि, न्यायाधीश ने दावा किया है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोर रूम में कभी कोई नकदी नहीं रखी गई थी। इस बयान ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक- 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो।' निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है।

बहरहाल, शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने पुलिस द्वारा रिकॉर्ड वीडियो, तस्वीरें व शुरुआती जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक विमर्श में ला दी है। निश्चित रूप से न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से बेदाग होने की उम्मीद की जाती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़ी सामग्री के वायरल होने के बाद लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, ताकि सच सामने आ सके। यदि कोई साजिश है तो उसका खुलासा हो और यदि नहीं तो न्यायिक व्यवस्था की शुचिता अक्षुण बनाये रखने के लिये सख्त कार्रवाई की जाए। यह एक हकीकत है कि अन्याय के विरुद्ध उम्मीद की अंतिम किरण लेकर व्यक्ति न्याय की चौखट पर दस्तक देता है। यदि ऐसे प्रकरण सच साबित होते हैं तो उसके विश्वास को धक्का लगेगा। निस्संदेह, न्याय व्यवस्था का सवालों के घेरे में आना एक गंभीर मुद्दा है। इस घटनाक्रम से न्याय व्यवस्था पर छींटे आए हैं, उन्हें साफ करना जरूरी है। आम लोगों को विश्वास है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित जांच समिति सच को सामने लाने में पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ की शुचिता बनाये रखने के लिये यह बेहद जरूरी भी है। निस्संदेह, न्यायपालिका का लक्ष्य सिर्फ संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना ही नहीं है बल्कि सार्वजनिक जीवन में निष्पक्षता, ईमानदारी और विश्वसनीयता के मूल्यों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करना भी है। कमोबेश यहां न्यायिक अस्मिता को अक्षुण्ण बनाये रखना भी अनिवार्य शर्त है। अन्यथा न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 26 मार्च, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, चैत्र कृष्णपक्ष द्वादशी, 25:40 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 26:20 तक, योग : सिद्ध, 12:14 तक, सूर्योदयः 5:36, सूर्यास्तः 17:50, चन्द्रोदय : 03:18, चन्द्रास्तः 14:40, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:42 से 13:13

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातक के लिए आज का दिन कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है। आप काम को लेकर भागदौड़ में लगे रहेंगे और अपने बिजनेस की योजनाओं को आगे तक लेकर जाएंगे।

**वृष :** वृषभ राशि के जातक अपने शत्रुओं पर आसानी से विजय प्राप्त कर सकेंगे। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा। किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। राजनीतिक में सामाजिक कार्यक्रमों में आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन ऊर्जावान रहने वाला है। आप यदि पार्टनरशिप में कोई काम करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तब वह भी फाइनल हो सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन चिंताओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप अपने भाइयों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। समाज में आपका मान-सम्मान और बढ़ेगा।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रॉपर्टी संबंधित मामलों में अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपके शौक मौज की चीजों में इजाफा होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन सुख-साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। धार्मिक कार्य में आपका काफी रुचि रहेगी। विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**धनु :** धनु राशि के जातकों को कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। तकनीकी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की समस्याएं बढ़ेंगी।

**मकर :** मकर राशि के जातकों की इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपको आर्थिक योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में किसी सदस्य के विभाग में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। वैवाहिक जीवन में आपको तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है।

**मीन :** मीन राशि जातकों के लिए आज का दिन खर्चा भरा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। साझेदारी में यदि कोई व्यापार को कर रहे हैं, तो उसमें कोई गड़बड़ी होने की संभावना है।

# संघ के कर्नाटक-मंथन में नये संकल्प-नयी दिशाएं



ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्णक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉर्मूला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षो में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी। दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो 'धर्म' पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।




इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फार्मूले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फार्मूले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब 'भारत के लोकाचार' के खिलाफ था और अगर वैसी ही 'आक्रमणकारी मानसिकता' अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान' शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और 'अमेरिका में डीप स्टेट' के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और 'हम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।' निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले चर्चा चल थी कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं। कर्नाटक बैठक से एक बार फिर पुरजोर तरीके से उजागर हुआ कि संघ हिन्दू सनातन संस्कृति को भारत के जन-जन के मानस में प्रवाहित करने का सफल एवं सार्थक कार्य करने को प्रतिबद्ध है। ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिये भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर करने का प्रयास करता है और यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति एवं समरसतापूर्ण जीवन स्थापित करने के लिये एक जरूरी आवश्यकता है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालों को भी संघ ने समय-समय पर आड़े हाथ लिया है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। कर्नाटक बैठक हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान बनी है। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# विश्व शांति एवं समृद्धि के लिए हिंदुओं को एक करने का प्रयास करता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर आज कुछ देशों के बीच प्रत्यक्ष युद्ध चल रहा है (रूस - यूक्रेन के बीच एवं इजराईल - हम्मास के बीच) तो कुछ देशों की बीच शीत युद्ध की स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रहे है (ईरान - इजराईल के बीच, रूस - यूरोपीयन देशों के बीच, अमेरिका - हूतियों के बीच, अमेरिका - कुछ अफ्रीकी देशों के बीच) तथा कुछ देशों के बीच व्यापार युद्ध छिड़ता हुआ दिखाई दे रहा है (अमेरिका - चीन, अमेरिका - मेक्सिको, अमेरिका - कनाडा, आदि के बीच)। कुल मिलाकर आज वैश्विक स्तर पर स्पष्टतः शांति का अभाव दिखाई दे रहा है। वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच सनातनी हिंदुओं द्वारा भारत के प्रयागराज में एक महाकुम्भ का आयोजन शांतिपूर्वक एवं अति सफलता से सम्पन्न किया जाता है। इस महाकुम्भ में पूरे विश्व से सनातनी हिंदू एवं अन्य धर्मों के अनुयायी 66 करोड़ से अधिक की संख्या में पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इन 66 करोड़ धर्मावलम्बियों के बीच किसी भी प्रकार का असहयोग एवं किसी भी स्तर पर असहमति नहीं दिखाई देती है। जाति, पंथ, मत, प्रांत, भाषा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार का विरोध दिखाई नहीं दिया, बस सभी धर्मावलंबी अपने आप को केवल और केवल सनातनी हिंदू कहते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस संदर्भ में पिछले 100 वर्षों से किए जा रहे प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं।

अब लगभग पूरा विश्व ही यह मानने लगा है कि वैश्विक स्तर पर लगातार पनप रही अशांति का हल केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से ही सम्भव है। इसी संदर्भ में दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक बंगलूरू में सम्पन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिंदू समाज का निर्माण विषय पर एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृशक्ति सहित संतो, धर्माचार्यों तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कर्तृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। अर्थात सनातन संस्कृति के संस्कारों की आज के संदर्भ में परख करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह संस्कार हिंदू देवी देवताओं द्वारा समाज के भले के लिए ही लागू किये गए हैं और हजारों वर्षों से भारतीय हिंदू समाज इनका सफलतापूर्वक अनुसरण करता आया है। समय की कसौटी पर सदैव ही यह खरे उतरे हैं। अतः आज भी सनातन हिंदू संस्कारों की प्रासंगिकता बनी हुई हैं। इन्हीं संस्कारों के चलते भारत सदैव से ही वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को आत्मसात करता आया है। भारत के लिए तो पूरा विश्व ही अपना परिवार है, फिर क्यों एक दूसरे से झगड़ा करना। बल्कि, भारत में तो विश्व के कोने कोने से अन्य धर्मावलंबी भी आकर आसानी से रच बस गए हैं एवं सनातन संस्कृति में समा गए हैं। जैसे, कुषाण, शक, हूण, पारसी, आदि। पूरे विश्व में भारत ही एक ऐसा राष्ट्र है जहां मुस्लिम अनुयायीयों के समस्त फिर्के पाए जाते हैं अन्यथा मुस्लिम देशों में भी समस्त फिर्के शायद ही पाए जाते हों। उक्त प्रस्ताव में इस संदर्भ में आगे कहा गया है कि अपनी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परम्पराओं के चलते सौहार्दपूर्ण विश्व का निर्माण करने के लिए भारत के पास अनुभव जनित ज्ञान उपलब्ध है। हमारा चिंतन विभेदनकारी और आत्मघाती प्रवृतियों से मनुष्य को सुरक्षित रखते हुए चराचर जगत में एकत्व की भावना तथा शांति सुनिश्चित करता है।

चूंकि भारत में लगभग 1000 वर्षों तक अरब के आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का शासन चलता रहा अतः उस खंडकाल में भारतीय जनमानस को अपनी महान संस्कृति का विस्मृति लोप हो गया था। उक्त प्रस्ताव में इस विचार को आगे बढ़ाते हुए कहा गया है कि काल के प्रवाह में राष्ट्र जीवन में आए अनेक दोषों को दूर कर एक संगठित, चारित्र्य सम्पन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत को परम वैभव तक ले जाने हेतु परम पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य प्रारम्भ किया। संघकार्य का बीजारोपण करते हुए, डॉक्टर हेडगेवार ने दैनिक शाखा के रूप में व्यक्ति निर्माण की एक अनूठी कार्यपद्धति विकसित की, जो हमारी सनातन परम्पराओं व मूल्यों के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र निर्माण का निःस्वार्थ तप बन गया। उनके जीवनकाल में ही इस कार्य का एक राष्ट्रव्यापी स्वरूप विकसित हो गया। द्वितीय सर संघचालक पूजनीय श्री गुरूजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रीय जीवन के विविध क्षेत्रों में शाश्वत चिंतन के प्रकाश में कालसुसंगत युगानुकूल रचनाओं के निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। 100 वर्ष की इस यात्रा में संघ ने दैनिक शाखा द्वारा अर्जित संस्कारों से समाज का अटूट विश्वास और स्नेह प्राप्त किया। इस काल खंड में संघ के स्वयंसेवकों ने प्रेम और आत्मीयता के बल पर मान अपमान और राग द्वेष से ऊपर उठ कर सबको साथ लेकर चलने का प्रयास किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह भी मानना है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा। अतः हम सभी भारतवासियों का कर्त्तव्य है कि सभी प्रकार के भेदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरण पूरक जीवन शैली पर आधारित मूल्याधिष्ठित परिवार, स्वबोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज का चित्र खड़ा करने के लिए हम समस्त भारतीय संकल्प लें। इसके आधार पर ही समाज के समस्त प्रश्नों का समाधान, चुनौतियों का उत्तर देते हुए भौतिक समृद्धि एवं आध्यात्मिकता से परिपूर्ण समर्थ राष्ट्र जीवन खड़ा किया जा सकेगा। इसी कारण से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने सज्जन शक्ति के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प लिया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समस्त हिंदू समाज को एक करने के प्रयास भारत में तो सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं और इसका स्पष्ट सकारात्मक प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में पूरे देश में दिखाई भी दे रहा है। आर्थिक प्रगति की गति तेज हुई है, समस्त समाज के बीच सामाजिक समरसता का भाव जागृत हो रहा है, देश के नागरिकों विशेष रूप से युवाओं में पर्यावरण के प्रति सजगता बढ़ रही है, एक बार पुनः भारतीय समाज संयुक्त परिवार के प्रति आकर्षित हो रहा है - बल्कि, विश्व के अन्य कई देशों के नागरिकों में भी संयुक्त परिवार के विभिन्न प्रकार के लाभों की ओर ध्यान आकर्षित हो रहा है, स्वदेशी का भाव जागृत हो रहा है और नागरिकों में देश के प्रति अपने कर्तव्यों के भाव का जागरण हो रहा है। इन्हीं समस्त बिंदुओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता स्थापित करना, स्वबोध के भाव का जागरण, पर्यावरण पर ध्यान देना, नागरिक कर्तव्यों का बोध, कुटुंब प्रबोधन को बढ़ावा देना) के रूप में पिछले कुछ समय से समाज के बीच में ले जा रहा है। और, समाज को इन बिंदुओं पर जागृत करने का कार्य स्वयंसेवकों द्वारा सफलता पूर्वक किया जा रहा है। आगे आने वाले समय में इन बिंदुओं पर समाज के बीच कार्य को और भी गति दी जाएगी, ऐसी आशा की जा रही है। -सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक

## विदेश की खबरें

### यूनुस-मोदी बैठक प्रस्ताव पर भारत की प्रतिक्रिया का इंतजार: बांग्लादेश

**ढाका :** बांग्लादेश ने मंगलवार को कहा कि वह अगले सप्ताह बैंकॉक में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) शिखर सम्मेलन के दौरान मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बैठक के अपने प्रस्ताव पर भारत की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने यहां एक प्रेसवार्ता में मुख्य सलाहकार यूनुस की चीन और थाईलैंड की आगामी यात्राओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'हमारी ओर से हम बैठक के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अब हम भारत से सकारात्मक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' इससे पहले ढाका ने भारत को एक पत्र भेजकर यूनुस और मोदी के बीच बैठक का प्रस्ताव रखा था। उक्त घटनाक्रम बांग्लादेश में पांच अगस्त, 2024 को सत्ता परिवर्तन के बाद तनाव-पूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बीच हुआ था, जब बांग्लादेश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्ता से हट गई थीं और वस्तुतः भारत चली गई थीं। मोदी और यूनुस बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए थाईलैंड जा सकते हैं। बांग्लादेश ने कार्यक्रम के इतर दोनों नेताओं की मुलाकात का प्रस्ताव रखा है। जशीम उद्दीन ने द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा तनाव को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही कहा कि अगर दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होती है तो इसे दूर किया जा सकता है। पिछले सप्ताह दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि उनके पास दोनों नेताओं के बीच किसी भी योजनाबद्ध बैठक के बारे में कोई अद्यतन जानकारी नहीं है।

## वर्ग पहेली नं. 3043

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| 18 | ■ | ■ | 19 | | ■ | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | | ■ | 22 | | | | ■ |
| | ■ | 23 | | 24 | ■ | | ■ | 25 | 26 |
| 27 | | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**ऊपर से नीचे:-** 2) स्त्री, 3) पहचान चिन्ह; रंगढंग; हुलिया; निशानी, 4) मदिरोन्मत्त, 5) निरर्थक, 7) निचोड़ना, 9) लगे हाथ; अब, 10) चुपड़ना; बोना; अटकाना, 13) पक्षधर, 14) लगभग, 17) आदरणीय, 18) असंस्कृत, 21) महल जैसा; महाकाय; बृहत्, 24) दक्षिणा; *डोनेशन*, 26) शव. *(उत्तरः अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 1) दुधमुँहापन; बाल्य, 3) नियंत्रण; बागडोर, 6) अनासक्त; विरक्त; इच्छाहीन, 8) दसवाँ; दसवीं, 9) लाल रंग जो स्त्रियाँ पैरों में लगाती हैं, 11) युद्ध, 12) गीला, 13) वृक्ष का धड़; खिंचा, 14) दम *(धूम्रपान)*; चाबुक, 15) दिवालिया, 16) अपराधमुक्त, 17) शत प्रतिशत, 19) नकली, 20) जुदाई; *फ़ेअरवैल*, 22) आँकाई; परिमाप; मूल्यांकन; जायज़ा; ससंदर्भ अनुमान, 23) वीणावादिनी, 25) आसमानी *(रंग)*, 27) पड़ोस; काँख, 28) बुरक़ा; घूँघट, 29) प्रसिद्धि.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | दी | ■ | सा | रं | ग | ■ | चं | ब | ल |
| स्त | ■ | चा | रा | ■ | ल | ■ | पा | रा | ■ |
| वि | वा | ह | ■ | पी | त | ल | ■ | ब | स |
| क | ■ | त | क | ■ | फ | ट | का | र | ना |
| ता | र | ■ | स | ला | ह | ■ | ■ | ■ | ह |
| ■ | न | ग | र | ■ | मी | न | मे | खा | ■ |
| ■ | वा | म | ■ | सिं | ■ | व | ह | ■ | फ |
| मु | स | क | रा | ह | ट | ■ | मा | चि | स |
| ल्ला | ■ | ना | ल | ■ | प | ण | न | ■ | ल |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | | |
| | | | | 8 | | | 2 | |
| | 1 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | 9 | |
| | | | 1 | | | 5 | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | 1 | | 3 |
| 8 | | | | 2 | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3002 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |

# 'यह वामपंथियों का नहीं, दीदी का नया बंगाल है, सबसे श्रेष्ठ बंगाल'

❑ लंदन में उद्योगपतियों ने कहा

**लंदन/कोलकाता :** लंदन में आयोजित एक उद्योग सम्मेलन में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में बंगाल के उद्योगपतियों ने एक स्वर में बदलते हुए बंगाल की तस्वीर दुनिया के सामने पेश की। उन्होंने बताया कि अब वह दौर बीत चुका है, जब वामपंथी शासन के दौरान उद्योग क्षेत्र में ठहराव और अनिश्चितता का माहौल था। अब बंगाल ममता बनर्जी के नेतृत्व में एक नया रूप धारण कर चुका है – उद्योग के लिए सबसे अनुकूल, सबसे गतिशील और निवेश के लिए आदर्श जगह।

**उद्योगपति संजय बुधिया** और मेहुल मोहंका ने स्पष्ट कहा कि आज बंगाल में वह पुराने वामपंथी काल जैसी स्थिति नहीं है। आज का बंगाल दीदी का नया बंगाल है, सशक्त और अग्रणी बंगाल। उन्होंने बताया कि अब यहां न तो हड़ताल होती है, न लॉकआउट होता है, और न ही काम में कोई बाधा आती है। कार्यक्षेत्र में सबकुछ सुचारू और व्यवस्थित रूप से चल रहा है।



बंगाल के औद्योगिक परिदृश्य में वामपंथी शासन का सबसे बड़ा उदाहरण सिंगूर की असफलता है, जहां टाटा का प्रोजेक्ट रुक गया था और उसे राज्य छोड़ना पड़ा था। 34 वर्षों के वामपंथी शासन के पतन के पीछे कई लोग सिंगूर की असफलता को एक बड़ा कारण मानते हैं। लेकिन अब वह समय पीछे छूट गया है। आज बंगाल निवेश के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यहां के उद्योगपतियों के साथ-साथ देश-विदेश से भी कारोबारी बंगाल में निवेश को लेकर उत्साहित हैं। यह बदलाव एक दिन में नहीं आया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने नेतृत्व में राज्य की औद्योगिक नीतियों को सरल और व्यावहारिक बनाया।

सम्मेलन में उद्योगपतियों ने कहा कि बंगाल में अब न हड़ताल होती है और न ही फैक्ट्रियों में ताले लगते हैं। कामकाज अब बिना किसी रुकावट के चलता है। लंदन के इस सम्मेलन में उद्योगपति चंद्रमोहन धनुका, हर्षवर्धन अग्रवाल, हर्षवर्धन नेओटिया, केके बंगुर, मेहुल मोहंका, प्रशांत बंगुर, प्रशांत मोदी, रूद्र चट्टोपाध्याय, संजय बुधिया, सत्य रॉय चौधरी, शाश्वत गोयनका, तरुण झुनझुनवाला, उज्ज्वल सिन्हा, उमेश चौधुरी, ज्योति विज और मौसुमी घोष उपस्थित थे।

**उद्योगपति मेहुल मोहंका** ने अपने संबोधन में कहा कि बंगाल में अब श्रमिक समस्या नहीं है, श्रम दिवस बेकार नहीं जाता। उन्होंने कल्याणी में 300 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव मनोज पंथ को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, उद्योगपति संजय बुधिया ने कहा कि वामपंथी काल के मुकाबले अब श्रम दिवस बर्बाद नहीं होता, इसलिए उन्हें बंगाल में काम करना पसंद है। टिटागढ़ रेल सिस्टम्स के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी ने कहा कि बंगाल में उद्योग लगाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं – कुशल श्रमिक, कम लागत और सरल सरकारी प्रक्रिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उद्योग जगत को भागीदार बनाकर तेज फैसले लिए हैं और उन्हें लागू किया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपने भाषण में कहा कि पहले (वाम काल में) 75,000 श्रम दिवस हर साल बर्बाद हो जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के समय बंगाल की औद्योगिक पहचान लगभग खत्म हो गई थी, लेकिन हमने उसे फिर से लौटाया है। अब बंगाल आगे बढ़ रहा है और दुनिया के नक्शे पर एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहा है।

## रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के जोरासांको कैंपस में अस्थायी कुलपति को पुलिस एस्कॉर्ट करेगी : हाई कोर्ट



**कोलकाता :** कोलकाता हाई कोर्ट ने रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के जोरासांको कैंपस में अस्थायी कुलपति शुभ्रकमल मुखोपाध्याय को प्रवेश से रोके जाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने गिरीश पार्क थाने को निर्देश दिया कि कुलपति और रजिस्ट्रार को बिना किसी बाधा के विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए और जरूरत पड़ने पर पुलिस उन्हें एस्कॉर्ट करे।

कुलपति की ओर से अधिवक्ता विश्वरूप भट्टाचार्य ने बताया कि कैंपस में अब भी विरोध प्रदर्शन जारी है। इस पर न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने सवाल किया कि विरोध कौन कर रहा है? राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता बसु मलिक ने कहा कि प्रदर्शनकारी विश्वविद्यालय के कर्मचारी हैं और पुलिस पहले से वहां तैनात है। अधिवक्ता भट्टाचार्य ने दलील दी कि कुलपति को पहले ही बताया गया था कि गेट बंद हैं और विरोध हो रहा है, तो वे वहां कैसे जाते? इस पर न्यायमूर्ति ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने तत्काल गेट खोलने और कुलपति को प्रवेश दिलाने का आदेश दिया। सोमवार और मंगलवार को जोरासांको कैंपस में लगातार विरोध प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राज्यपाल द्वारा नियुक्त कुलपति छात्रों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पुलिस पूरी सुरक्षा दे और बुधवार को उठाए गए कदमों की रिपोर्ट अदालत में पेश करे।

## दर्जन भर टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी का निर्देश देने वाले जज का अगले दिन स्थानांतरण का आदेश

❑ **सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ जाने वाले हर व्यक्ति के साथ यही होता है : भाजपा**

**कोलकाता :** दर्जन भर टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी का निर्देश देने वाले बद्र्धमान कोर्ट के फास्ट ट्रैक द्वितीय न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद मिश्रा का फैसला सुनाने के अगले दिन ही स्थानांतरण आदेश आ गया। उन्हें झाडग्राम के द्वितीय न्यायालय के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया। यह आदेश मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट से आया।

न्यायाधीश अरविंद मिश्रा ने सोमवार को एक मामले में 13 टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। इस बीच अगले दिन न्यायाधीश के तबादले के आदेश से हलचल मच गई है। हालांकि, वरिष्ठ वकील सदन ता और विश्वजीत दास ने कहा कि यह स्थानांतरण एक नियमित स्थानांतरण है। इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यह उनकी पदोन्नति है। हाई कोर्ट किसी का स्थानांतरण कर सकता है। वहीं भाजपा जिला युवा नेता देबयोति सिंहराय ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ जाने वाले हर व्यक्ति के साथ यही होता है। ऐसा पहले भी पुलिस के साथ हुआ था, इस बार यह जज के साथ हुआ। सबसे संयोग की बात यह है कि स्थानांतरण आदेश उनके फैसला सुनाने के अगले ही दिन आया। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के जिला प्रवक्ता प्रसेनजीत दास इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नियमित स्थानांतरण था। इसका फैसले से कोई लेना-देना नहीं है। कानून कानून का पालन करेगा। भाजपा द्वारा किया जा रहा दावा आधारहीन है।

# बंगाल सरकार के कर्मियों को एक अप्रैल से मिलेगा बढ़ा हुआ डीए

❑ **राज्य सरकार की ओर से की गई घोषणा, सुप्रीम कोर्ट में मामले पर सुनवाई फिर टल गई**

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए (महंगाई भत्ते) में चार प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। नबान्न ने मंगलवार को घोषणा की कि यह बढ़ा हुआ डीए एक अप्रैल से प्रभावी होगा। इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया है। इस माहौल में सुप्रीम कोर्ट में डीए मामले की सुनवाई फिर टल गई है। अब सुनवाई अप्रैल में होने की संभावना है।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और राज्य कर्मचारियों के बीच महंगाई भत्ते में अंतर अभी भी 35 प्रतिशत है। राज्य सरकार द्वारा डीए वृद्धि को लागू करने की अधिसूचना जारी करने के बाद सरकारी कर्मचारियों के वामपंथी संगठनों ने विसंगति पर असंतोष व्यक्त किया है। वामपंथी संगठन के सदस्यों ने उचित महंगाई भत्ते की मांग को लेकर सात से नौ अप्रैल तक राज्य भर के सरकारी कार्यालयों में तीन घंटे की हड़ताल का आह्वान किया है।

हालांकि, तृणमूल कर्मचारी संगठन ने सरकार की घोषणा का स्वागत किया है। 12 फरवरी को अपने बजट भाषण में राज्य की वित्त राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। नवान्न ने मंगलवार को एक अधिसूचना के जरिए बढ़े हुए डीए के कार्यान्वयन की घोषणा की। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के अलावा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, सरकारी स्वामित्व वाले, पंचायत और नगरपालिका कर्मचारियों के डीए में भी वृद्धि की गई है। उन्हें यह महंगाई भत्ता एक अप्रैल से मिलेगा।

हालांकि, वामपंथी कर्मचारी संगठनों ने इस पर रोष जताया है। समन्वय समिति की ओर से विश्वजीत गुप्ता चौधरी ने कहा कि 39 प्रतिशत डीए बकाया है। केवल चार प्रतिशत दिया गया है। अभी भी भारी मात्रा में महंगाई भत्ता बकाया है। हम सरकार की घोषणा से खुश नहीं हैं। अधिसूचना जारी होने के बाद भी मैं खुश नहीं हैं। डीए के मामले में बंगाली कर्मचारी सबसे पीछे हैं। संग्रामी संयुक्त मंच के संयोजक भास्कर घोष ने कहा कि हम उचित महंगाई भत्ते की मांग को लेकर 7-9 अप्रैल को पूरे राज्य में सरकारी दफ्तरों में तीन घंटे की हड़ताल की घोषणा कर रहे हैं। बकाया भत्ते की तुलना में दिया गया महंगाई भत्ता नगण्य है, इस महंगाई भत्ते का प्रतिशत बाजार मूल्य के अनुरूप नहीं है।


**पश्चिम मध्य रेल**

कार्यालय प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,
प्रथम तल, इंदिरा मार्केट, जबलपुर – 482001.

पत्र सं. बिक्री/1402/मु मं/डब्ल्यू सी आर ई-निलामी प्रोग्राम/2024-25, दिनांक 21.03.2025

**माह - मार्च - 2025 का ई-नीलामी कार्यक्रम जोड़ने बाबत**

माह – मार्च – 2025 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई–नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार है:–

| नीलामी का स्थान | सडिपुका/भोपाल | वैगन मरम्मत शॉप/कोटा | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्बंधित व्यक्ति | उप मुख्य सा./भोपाल 0755-2747414 | उप मुख्य सा./कोटा 0744-2467082 | व.मं.सा.प्र./जबलपुर 0761-2623491 | व.मं.सा.प्र./भोपाल 0755-4001594 | व.मं.सा.प्र./कोटा 0744-2467006 |
| नीलामी की तिथि मार्च-2025 | 28.03.2025 | 28.03.20255 | 28.03.2025 | 28.03.2025 | 28.03.2025 |

**नीलामी आइटम:-** अनुपयोगी रेल और अन्य पी–वे सामग्री, कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन, अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट, अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउंड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि।

*उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री, कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



## सुंदरबन के मौसुनी द्वीप के गांव से वन विभाग ने पकड़ा मगरमच्छ

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के मौसुनी द्वीप में बीते कुछ दिनों से एक मगरमच्छ की मौजूदगी से गांव के लोग परेशान थे। स्थानीय लोगों ने इसे घूमते देखा और इसकी सूचना फ्रेजरगंज तटीय थाने को दी। इसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ की तलाश शुरू की, लेकिन वह काबू में नहीं आ रही था। आखिरकार, मगरमच्छ माणिक दास नामक व्यक्ति के तालाब में नजर आया, जहां वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए जाल डाला। कई घंटों की मशक्कत के बाद, सोमवार की रात आठ बजे वन विभाग की टीम ने सफलता हासिल की और मगरमच्छ को पकड़ा लिया। इसके बाद उसे बक्खाली वन विभाग कार्यालय ले जाया गया, जहां उसकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है। सही होने पर उसे सुंदरबन की नदी में छोड़ दिया जाएगा।

## योगा सेंटर पर ताला लगाने का आरोप, टीएमसी पार्षद ने दी सफाई

**कोलकाता :** कोलकाता के विधान-नगर में एक योगा सेंटर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि टीएमसी पार्षद बाणीब्रत बनर्जी ने बिना किसी पूर्व सूचना के योगा सेंटर में ताला जड़ दिया और चाबी लेकर चले गए। एफडी ब्लॉक एसोसिएशन ने इस मामले में विधाननगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि योगा सेंटर की हालत खराब थी, इसलिए मरम्मत का काम चल रहा था। लेकिन अचानक पार्षद वहां पहुंचे, मजदूरों को बाहर निकाल दिया और काम रुकवा दिया। एसोसिएशन का आरोप है कि यह सेंटर राज्य मंत्री सुजीत बोस के प्रयासों से बना था, लेकिन हाल ही में पार्षद और एसोसिएशन के बीच टकराव शुरू हो गया। उनका मानना है कि चुनाव में उनके प्रत्याशियों की हार के बाद पार्षद जानबूझकर बाधाएं डाल रहे हैं और योगा सेंटर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।



दूसरी ओर, पार्षद बाणीब्रत बनर्जी ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि योगा सेंटर नगर निगम की संपत्ति है और वहां अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि सेंटर की बाड़ काटी जा रही थी और फर्श को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। ऐसे में, सरकारी संपत्ति को बचाने के लिए उन्हें हस्तक्षेप करना पड़ा।

उन्होंने यह भी कहा कि एसोसिएशन ने नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली थी और न ही उन्हें इस काम के बारे में जानकारी दी गई थी। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि अगर कोई कार्रवाई होनी चाहिए तो वह एसोसिएशन के खिलाफ होनी चाहिए, क्योंकि वे ही बिना अनुमति के काम कर रहे थे।

फिलहाल, एसोसिएशन ने इस मुद्दे को लेकर एक बैठक बुलाई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तृणमूल सांसद ने चौहान को 'दलाल' बोला, भाजपा ने माफी की मांग की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के लिए लंबित केंद्रीय निधि को लेकर मंगलवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह 'अमीरों के दलाल' हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए तृणमूल सांसद से उनके इस 'अपमानजनक' बयान के लिए माफी की मांग की।



प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल सांसद बापी हलदार ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सवाल किया कि बंगाल को ग्रामीण विकास के लिए कितनी धनराशि दी गई है। मंत्री के लिखित जवाब में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में मनरेगा यानी 100 दिन के रोजगार योजना के तहत बंगाल को कोई राशि नहीं दी गई। इस जवाब से तृणमूल सांसद भड़क उठे और उन्होंने विरोध दर्ज कराते हुए सदन से बाहर चले गए।

संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोला। बनर्जी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमएवाईजी) जैसी योजनाओं के तहत केंद्रीय धनराशि पिछले तीन वर्षों से लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया, 'शिवराज सिंह चौहान अमीरों के दलाल हैं... वह गरीबों के लिए काम नहीं करते और इसलिए उन्हें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया।' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमें पिछले तीन वर्षों से धन नहीं दिया गया है। वे कह रहे हैं कि कुछ विसंगतियां हैं... (मनरेगा के तहत) 25 लाख फर्जी जॉब कार्ड हैं... हमने उनसे फर्जी कार्डों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए कहा है, लेकिन वे पश्चिम बंगाल के 10 करोड़ लोगों को धन से वंचित नहीं कर सकते।'' बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल को धनराशि जारी नहीं की गई क्योंकि भाजपा 2021 का विधानसभा चुनाव जीतने में विफल रही।

भाजपा नेता और कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बनर्जी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि तृणमूल नेता को असंसदीय भाषा का इस्तेमाल करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। चौधरी ने कहा, 'यह अच्छी बात नहीं है, एक वरिष्ठ सांसद की ऐसी भाषा उन्हें शोभा नहीं देती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। किसी भी राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है और सभी को अपना हिस्सा मिल रहा है।'

उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से पश्चिम बंगाल सरकार केंद्रीय योजनाओं के नाम बदल देती है और भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाती है। एक मंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना सही नहीं है। बनर्जी को माफी मांगनी चाहिए।' लोकसभा में सरकार ने कहा कि उसने मनरेगा की राशि जारी करने में कभी भी किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया है। चौहान ने कहा, 'चाहे तमिलनाडु हो या पश्चिम बंगाल, मोदी सरकार ने कभी किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया है। मनरेगा का लंबित बकाया जल्द ही जारी किया जाएगा।'


**जगदलपुर और ठाकुरनगर एवं केसिंगा और ठाकुरनगर के बीच स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, दो स्पेशल ट्रेनें अर्थात 08563/08564 **जगदलपुर–ठाकुरनगर–जगदलपुर स्पेशल** और 08373/08374 **केसिंगा–ठाकुरनगर–केसिंगा स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**08563/08564 जगदलपुर–ठाकुरनगर–जगदलपुर स्पेशल**

| जगदलपुर–ठाकुरनगर | | | (08563)(08564) | ठाकुरनगर–जगदलपुर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवागमन के दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | आवागमन के दिन |
| 26.03.2025 (बुध) | – | 08.00 | ↓ जगदलपुर | 22.45 | – | |
| | 16.10 | 16.12 | केसिंगा | 12.00 | 12.02 | 29.03.2025 (शनि) |
| | 19.50 | 20.00 | संबलपुर | 08.30 | 08.40 | |
| 27.03.2025 (बृहस्पति) | 00.50 | 00.55 | चक्रधरपुर | 03.10 | 03.15 | |
| | 05.00 | 05.05 | खड़गपुर | 23.30 | 23.35 | 28.03.2025 (शुक्र) |
| | 10.45 | – | ठाकुरनगर ↑ | – | 18.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में जयपोर, कोरापुट, रायगड़, मुनिगुड़ा, टिटिलागढ़ (पश्चिम), बलांगीर, बरगढ़ रोड, झारसुगुड़ा, राउरकेला (पश्चिम), टाटानगर और आंदुल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथि: जगदलपुर से** – 08563 दिनांक 26.03.2025 (बुधवार) को = 01 ट्रिप और **ठाकुरनगर से** – 08564 दिनांक 28.03.2025 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर - 02, शयनयान श्रेणी - 06, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 और एसएलआरडी - 02 = 15 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**08373/08374 केसिंगा–ठाकुरनगर–केसिंगा स्पेशल**

| केसिंगा–ठाकुरनगर | | | (08373)(08374) | ठाकुरनगर–केसिंगा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवागमन के दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | आवागमन के दिन |
| 27.03.2025 (बृहस्पति) | – | 16.10 | ↓ केसिंगा | 14.45 | – | |
| | 19.50 | 20.00 | संबलपुर | 10.25 | 10.35 | 29.03.2025 (शनि) |
| 28.03.2025 (शुक्र) | 00.50 | 00.55 | चक्रधरपुर | 05.40 | 05.45 | |
| | 05.00 | 05.05 | खड़गपुर | 01.55 | 02.00 | |
| | 10.45 | – | ठाकुरनगर ↑ | – | 20.30 | 28.03.2025(शुक्र) |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में टिटिलागढ़ (पश्चिम), बलांगीर, बरगढ़ रोड, झारसुगुड़ा, राउरकेला (पश्चिम), टाटानगर और आंदुल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथि: केसिंगा से** – 08373 दिनांक 27.03.2025 (बृहस्पतिवार) को = 01 ट्रिप और **ठाकुरनगर से** – 08374 दिनांक 28.03.2025 (शुक्रवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर इकोनॉमी - 02, शयनयान श्रेणी - 07, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) - 03, एलएसएलआरडी - 01 और पावर कार - 01 = 15 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## केंद्र तीस्ता का पानी बांग्लादेश को देने पर फैसला लेने से पहले बंगाल सरकार से परामर्श करे : तृणमूल

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के सदस्य रीताब्रता बनर्जी ने मंगलवार को राज्यसभा में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बांग्लादेश को तीस्ता नदी का पानी छोड़ने पर कोई भी निर्णय लेने से पहले वह पश्चिम बंगाल सरकार से परामर्श करे, क्योंकि इसका सीधा असर राज्य पर पड़ता है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए बनर्जी ने कहा कि तीस्ता राज्य की दूसरी सबसे बड़ी नदी है और बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले कई जिलों से होकर गुजरती है। उन्होंने यह भी बताया कि सिक्किम में कई जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण, ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण पानी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। तृणमूल सांसद ने कहा, 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस बात पर सख्त आपत्ति जताई थी कि पश्चिम बंगाल सरकार की भागीदारी के बिना बांग्लादेश के साथ तीस्ता जल बंटवारे और फरक्का संधि के बारे में कोई चर्चा नहीं की जानी चाहिए।' उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जल बंटवारे पर समझौतों के कारण पश्चिम बंगाल के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों में भारत के पूर्वी हिस्से में नदियों के बहाव में बदलाव होने से पश्चिम बंगाल में पानी की उपलब्धता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार में भारत-बांग्लादेश फरक्का संधि को नवीनीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है, जो 2026 में समाप्त होने वाली है।बनर्जी ने कहा कि जहां तक लोगों की आजीविका का सवाल है, इससे उन पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा और फरक्का बैराज पर पानी का बहाव कोलकाता बंदरगाह के लिए नौवहन संबंधी समस्याएं पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री को तीन बार पत्र लिखकर कहा है कि फरक्का बैराज के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ के साथ ही बहुत बड़े पैमाने पर कटाव हुआ है। तृणमूल सदस्य ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तीस्ता में पानी का प्रवाह कम हो गया है और अनुमान है कि अगर पानी बांग्लादेश के साथ साझा किया जाता है, तो पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में लाखों लोग सिंचाई के पानी की अपर्याप्त उप-लब्धता के कारण गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के उत्तरी हिस्से में रहने वाले लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी नदी के पानी की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-भूटान नदी आयोग की भी जरूरत है, क्योंकि सीमा पार से आने वाली बाढ़ पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों पर विनाशकारी प्रभाव डालती है। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि बांग्लादेश को तीस्ता का पानी छोड़ने के संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार से परामर्श किया जाना चाहिए।

# बंगाल में हिंदू मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर करने का आरोप, सुकांत ने शाह से की शिकायत

❑ **शुभेंदु का भी आरोप- बंगाल में हिंदू, हिंदी भाषी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे**

❑ **निर्वाचन आयोग से कृष्णानगर के बीडीओ को बर्खास्त करने की मांग की**

**कोलकाता :** बंगाल में मतदाता सूची में कथित हेराफेरी व गड़बड़ी को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा सुकांत मजूमदार ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। भाजपा सूत्रों का दावा है कि सुकांत ने शाह से शिकायत की कि बंगाल में हिंदू मतदाताओं के नाम चुनिंदा तरीके से मतदाता सूची से बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में गृह मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की। संसद भवन स्थित शाह के कार्यालय में हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।



संयोग से विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने भी सोमवार दोपहर में कोलकाता में प्रदेश कार्यालय में इसी मुद्दे पर एक प्रेस कांफ्रेंस कर यही आरोप लगाया। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने की आड़ में सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर हिंदू और हिंदी भाषी मतदाताओं के नाम हटा रही है। शुभेंदु ने दावा किया कि 27 फरवरी के बाद से राज्य में कई ह्निहदू मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

भाजपा नेता ने दावा किया कि हिंदू मतदाताओं को नोटिस देकर बुलाया जा रहा है और उनसे यह साबित करने के लिए कहा जा रहा है कि वे बांग्लादेशी नहीं हैं। फार्म सात जमा करने वालों को सबूत देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। शुभेंदु ने कहा कि नदिया जिले के कृष्णानगर दो ब्लाक के प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने 98 हिंदू मतदाताओं को नोटिस जारी किए हैं। दावा किया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की शिकायत के बाद हिंदू मतदाताओं को नोटिस देकर बुलाया जा रहा है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग से कृष्णानगर के बीडीओ को बर्खास्त करने की भी मांग की। भाजपा नेता ने कहा कि बीडीओ को ऐसे नोटिस देने का कोई अधिकार नहीं है। बीडीओ ने सीमा लांघी है। उन्होंने कहा कि अगर बीडीओ इन नोटिसों को वापस नहीं लेते हैं तो हम अदालत भी जाएंगे। मैं उन 98 मतदाताओं को भी सलाह दूंगा कि वे नोटिसों का जवाब न दें।

उन्होंने यह भी कहा कि तृणमूल का समर्थन नहीं करने वाले हिंदू मतदात-ाओं को परेशान करने के लिए अवैध रूप से नोटिस जारी करने के आरोप में बीडीओ को हटाने की मांग पर भाजपा नदिया के कृष्णानगर और उत्तर 24 परगना के बागदा में बीडीओ कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन भी करेगी, जहां पार्टी को सबसे अधिक शिकायतें मिली हैं।

❑ **तृणमूल ने आरोपों को किया खारिज**

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जयप्रकाश मजूमदार ने सुकांत व शुभेंदु के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए इन्हें खारिज किया। मजूमदार ने कहा, तथ्य यह है कि भाजपा हरियाणा और अन्य राज्यों के मतदाताओं को बंगाल की मतदाता सूची में शामिल करने में शामिल है। अब जब मतदाता सूची घोटाला उजागर हो गया है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए हम पर आरोप लगा रहे हैं।


www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# मेला से कटारी खरीदने पर बोले दिलीप घोष, 'जब जरूरत पड़ेगी, तब समझ आएगा'

**पूर्व बर्दवान :** पश्चिम बंगाल बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष एक बार फिर अपने बयान को लेकर सुर्खियों में हैं। मंगलवार को पूर्व बर्दवान जिले के कटवा थाना अंतर्गत अग्रद्वीप गांव में आयोजित गोपीनाथ मेले में पहुंचे दिलीप घोष ने अचानक एक दुकान से कटारी (छोटी धारदार हथियार) खरीदी। उनके इस कदम से राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गई हैं।

मेले में घूमते हुए जब वे एक दुकान के सामने रुके, तो उन्होंने वहां रखी कई कटारियां देखीं और उनमें से एक खरीद ली। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने साथियों से दुकानदार



का पता भी नोट करने को कहा। दुकानदार ने बताया कि वह कोलकाता में रहता है, जिस पर दिलीप घोष ने कहा कि वे एक दिन उसके घर भी जाएंगे।

जब पत्रकारों ने पूछा कि उन्होंने कटारी क्यों खरीदी और इसका इस्तेमाल किस लिए करेंगे, तो दिलीप घोष ने रहस्यमयी अंदाज में जवाब दिया, कई कामों में आती है। जब जरूरत पड़ेगी, तब समझ आएगा। एक ही हथियार से सब काम हो जाएगा। उन्होंने इससे ज्यादा कुछ भी साफ नहीं किया, जिससे अटकलें और भी बढ़ गईं।

इससे पहले भी दिलीप घोष अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। कुछ दिन पहले पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर में एक सड़क उद्घाटन के दौरान, जब कुछ स्थानीय महिलाओं ने प्रदर्शन किया, तो उन्होंने गुस्से में कहा, हमने अपने पैसों से सड़क बनाई है, यह किसी के बाप का पैसा नहीं है। हम भिखारी पार्टी नहीं हैं।

इसके अलावा, शांतिनिकेतन के सोनाझुरी खोई में बसंत उत्सव पर प्रतिबंध को लेकर भी उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने वन विभाग के आदेश पर सवाल उठाते हुए कहा, होली खेलने से अगर पर्यावरण को नुकसान होता है, तो जिसने यह फैसला लिया है, उसे उल्टा लटका देना चाहिए। अगर कोई और नहीं करेगा, तो मैं खुद जाऊंगा और ऐसा करूंगा।

उनके इन बयानों से पहले ही राजनीतिक बहस तेज थी, अब मेले से कटारी खरीदने और उसके पीछे के कारण पर उनका जवाब अटकलों को और हवा दे रहा है।

# कांथी कोऑपरेटिव कृषि और ग्रामीण विकास बैंक चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग

## हाईकोर्ट में दायर हुआ आवेदन

**कांथी :** कांथी कोऑपरेटिव कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर हाईकोर्ट में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस मामले में हाईकोर्ट के मुख्य जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस चैताली चट्टोपाध्याय की डिवीजन बेंच के समक्ष वकील सुधीप्त दासगुप्ता ने अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए मुकदमा दायर करने की अनुमति दी। इसके बाद, स्वपन बेरा नामक व्यक्ति ने अदालत में मुकदमा दायर किया। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले की सुनवाई इस सप्ताह के अंत तक हो सकती है। इस महीने के अगले शनिवार को कांथी कोऑपरेटिव कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के चुनाव होने वाले हैं। याचिकाकर्ता ने आशंका जताई है कि शासक दल के समर्थित उम्मीदवार चुनाव के दौरान हिंसा कर सकते हैं। इसी आरोप के आधार पर उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है। यदि कोर्ट केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देती है, तो यह दूसरा मौका होगा जब किसी सहकारी चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में कांथी सहकारी चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्रीय बलों को तैनात किया गया था, जो एक ऐतिहासिक कदम था।

इसके अलावा, वोटिंग प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिए अदालत ने सीसी कैमरे लगाने का आदेश भी दिया था। 14 मतदान केंद्रों पर कुल 300 सीसी कैमरे लगाए गए थे और प्रत्येक केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई थी। केंद्रीय बलों के साथ हर मतदान केंद्र पर 60 से 80 पुलिसकर्मी भी तैनात थे। अब कांथी में एक और सहकारी चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए मुकदमा दायर किया गया है।

## वेस्टर्न डिजिटल ने भारत में लॉन्च किया डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी

**कोलकाता :** यूजर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, वेस्टर्न डिजिटल ने हाल ही में डब्लूडी ब्लू ऍ एसएन 5000 एनवीएमई' एसएसडी लॉन्च किया है। यह नेक्स्ट जनरेशन स्टोरेज खासतौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई है, जो 4के वीडियो, इमेज और ऑडियो जैसे हाई वर्कफ्लो पर काम करते हैं। यह डिवाइस पीसीआईईऍ ज़ेन4 की स्पीड (एमबी/एस तक) के साथ वर्कफ्लो को बेहतर बनाता है और प्रोडक्टिविटी बढ़ाता है। यह पिछली जेनरेशन की तुलना में 24% ज्यादा बेहतर परफॉर्मेंस देता है। डब्लूडी ब्लू ऍ एसएन 5000 एनवीएमई' एसएसडी , एक एम.2 2280 एसएसडी है, जो उन यूजर्स के लिए बनाई गई है जो ज्यादा कंटेंट क्रिएशन करते हैं। यह उनके पीसी की परफॉर्मेंस बढ़ाने और ज्यादा क्षमता वाले एनवीएमई एसएसडी पर अपग्रेड करने में मदद करता है।

## भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने बीजेपी नेता अरुण हाजरा के हस्ताक्षर के नमूने लिए

**कोलकाता, समाज्ञा**

भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई ने मंगलवार को बीजेपी नेता अरुण हाजरा के हस्ताक्षर के नमूना लिया है। इससे पहले, सीबीआई ने उनका आवाज का नमूना भी लिया था। अरुण हाजरा के अलावा, सीबीआई ने अन्य छह सब-एजेंट्स के हस्ताक्षर के नमूने भी लिए हैं। फरवरी महीने में, प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति घोटाले के मामले में उत्तर कोलकाता के बीजेपी नेता अरुण 'चिनू' हाजरा के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में उनका नाम पहली बार सामने आया था। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान सीबीआई ने कई डायरी जब्त की हैं, जिनमें अरुण हाजरा के हस्ताक्षर पाए गए हैं। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी कि अरुण हाजरा ने प्राथमिक नियुक्ति के लिए 11 करोड़ 70 लाख रुपये सुजय कृष्ण को दिए थे। इसके अतिरिक्त, ग्रुप डी के लिए 15 करोड़ और ग्रुप सी के लिए 9 करोड़ रुपये दिए गए थे। अन्य स्थानों पर नियुक्ति के लिए भी 3 करोड़ रुपये देने का आरोप है। इसके साथ ही, अरुण हाजरा ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। कांग्रेस, तृणमूल से होते हुए बीजेपी में शामिल हुए अरुण हाजरा के आवाज के नमूने पहले लिए जा चुके हैं और अब उनके हस्ताक्षर के नमूने भी इकट्ठे किए गए हैं। अगर सीबीआई के पास मौजूद नमूनों से ये नए नमूने मेल खाते हैं तो यह जानकारी अदालत में पेश की जाएगी, ऐसा सीबीआई के सूत्रों ने बताया।

# आर.जी. कर घोटाले में नया मोड़, जूनियर डॉक्टर आशिष पांडे ने मांगी राहत

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में हुए वित्तीय घोटाले के मामले में नया मोड़ आया है। जूनियर डॉक्टर आशिष पांडे ने खुद को निर्दोष बताते हुए विशेष सीबीआई अदालत में मामले से राहत की अर्जी दाखिल की है। मंगलवार को अलीपुर स्थित विशेष सीबीआई अदालत में इस घोटाले से जुड़ी चार्जशीट पर सुनवाई हुई, जहां आशिष के वकील आनंद गंगोपाध्याय ने उनके लिए राहत की मांग की।

आशिष पांडे के वकील ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। इसके





साथ ही अदालत में अन्य आरोपियों, पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष, उनके दो करीबी व्यापारी सुमन हाजरा और बिप्लव सिंह, उनके अंगरक्षक अशरफ अली खान और जूनियर डॉक्टर आशिष पांडे ने प्रेसिडेंसी जेल से वर्चुअली सुनवाई में भाग लिया।

गौरतलब है कि इस घोटाले के अन्य चार आरोपी पहले ही खुद को निर्दोष बताते हुए राहत की याचिका दाखिल कर चुके हैं। सीबीआई की ओर से अदालत में सभी आरोपियों के खिलाफ लिखित दस्तावेज पेश किए गए। इस मामले की अगली सुनवाई 5 अप्रैल को होगी।

सीबीआई ने आशिष पांडे को इस घोटाले में गिरफ्तार किया था। उन्हें पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष का करीबी माना जाता है। जब आर.जी. कर घोटाले का खुलासा हुआ था, तभी 'उत्तर बंगाल लॉबी' का नाम भी चर्चा में आया था, जिसमें आशिष पांडे का भी नाम जोड़ा गया था। अब देखना यह होगा कि अदालत इस मामले में क्या फैसला सुनाती है।

## कोलकाता में बढ़ेगी गर्मी, सप्ताहांत में पारा छू सकता है 36 डिग्री

**कोलकाता :** पिछले कुछ दिनों की बारिश ने पश्चिम बंगाल में गर्मी से राहत दिलाई थी, लेकिन यह सुहावना मौसम ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह के अंत तक तापमान में तेज वृद्धि होगी, जिससे लोगों को फिर से उमस और गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अनुमान है कि कोलकाता का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि राज्य के पश्चिमी जिलों में यह 40 डिग्री के करीब जा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल अधिकतम तापमान सामान्य से थोड़ा कम है, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य के करीब बना हुआ है। लेकिन अगले 4-5 दिनों में तापमान 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके साथ ही दिन और रात दोनों समय गर्मी महसूस होगी।

उत्तर बंगाल में भी तापमान बढ़ने के आसार हैं। हालांकि, यहां गुरुवार से हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। शुक्रवार और शनिवार को दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और जलपाईगुड़ी सहित उत्तर बंगाल के पांच जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। शुक्रवार को दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और जलपाईगुड़ी में बादल छाए रहेंगे, वहीं कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार को भी दार्जिलिंग के पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। हालांकि, दक्षिण बंगाल में अगले कुछ दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर चलाए गए स्वच्छता जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर मंगलवार को एक दिवसीय स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। यह अभियान नैहाटी, बारासात, कल्याणी, बनगांव, चकदह, बैरकपुर, लक्ष्मीकांतापुर, बारुइपुर, दमदम कैंटोनमेंट, मध्यग्राम, बेलडांगा, घुटियारी शरीफ, सोदपुर और राणाघाट स्टेशनों पर आयोजित किया गया। यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्वच्छता बनाए रखने, उचित कचरा निस्तारण और रेलवे परिसर में थूकने पर प्रतिबंध लगाने के लाभों के बारे में समझाया गया। इस दौरान विशेष रूप से



पार्क सर्कस और संतोषपुर स्टेशनों पर ध्यान दिया गया। जहां स्वच्छता को बढ़ावा देने और कचरा फेंकने की आदत को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए। इस पहल में सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा बल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान स्टेशनों पर कचरा फैलाते हुए पाए गए यात्रियों और विक्रेताओं पर जुर्माना भी लगाया गया। पूर्व रेलवे द्वारा अपने यात्रियों से स्वच्छता बनाए रखने के लिए लगातार अपील की जाती है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में 08563/08564 जगदलपुर-ठाकुरनगर-जगदलपुर विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। 08563 जगदलपुर-ठाकुरनगर विशेष ट्रेन 26 मार्च 2025 को सुबह 08:00 बजे जगदलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी में 08564 ठाकुरनगर-जगदलपुर विशेष ट्रेन 28 मार्च 2025 को शाम 18:00 बजे ठाकुरनगर से रवाना होगी और अगले दिन रात 22:45 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर और आंदुल स्टेशनों पर ठहरेगी, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

इसके अलावा, 08373/08374 केसिंगा-ठाकुरनगर-केसिंगा विशेष ट्रेन भी चलाई जाएगी। 08373 केसिंगा-ठाकुरनगर विशेष ट्रेन 27 मार्च 2025 को शाम 16:10 बजे केसिंगा से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे ठाकुरनगर पहुंचेगी। वापसी दिशा में 08374 ठाकुरनगर-केसिंगा विशेष ट्रेन 28 मार्च 2025 को रात 20:30 बजे ठाकुरनगर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 14:45 बजे केसिंगा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन भी झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर और आंदुल स्टेशनों पर ठहरेगी। यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ का 15वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**कोलकाता :** अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ द्वारा 23 मार्च को 15वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाया। रक्तदान शिविर में कुल 65 लोगों ने रक्तदान किया, जो एक सराहनीय पहल है। इस शिविर का उद्घाटन धीरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस मौके पर चेयरमैन ब्रह्म देव जायसवाल, को-चेयरमैन गंगा सिंह, अध्यक्ष रामानुज सिंह, उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भारत क्षत्रिय समाज से दीपक सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, सुजीत सिंह, रणधीर सिंह, कपिल देव सिंह उनके साथी लोग और टीटागढ़ क्षत्रिय समाज से विजय सिंह और अन्य गणमान्य



लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ब्लड डोनेशन कमेटी के चेयरमैन राज कपूर तिवारी, वाइस प्रेसिडेंट अनिल कुमार सिंह, कृष्णकांत सिंह, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह, अशोक पांडेय, रणबिजय सिंह, संजय सिंह,यशवंत सिंह, राजेश सिंह, आशुतोष सिंह, योगेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, ओमप्रकाश सिंह (जानकी स्टोर), अजीत सिंह, अजीत दुबे, शैलेंद्र सिंह, अनिल सिंह (बलिया) कुन्दन सिंह, अशोक अग्रवाल जी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। इसके अलावा, मुख्य संरक्षक दिनेश सिंह भी मौजूद रहे।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों को किया गया डायर्वट

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर-पूर्व रेलवे प्रणाली के तहत बस्ती और गो-विंदनगर स्टेशनों के बीच नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते ट्रेनों को डायर्वट किया गया है। यह कार्य 29 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 28 मार्च को चलने वाली 09451 गांधीधाम-भागलपुर एक्सप्रेस को गोंडा-बारहनी-गोरखपुर के मार्ग से परिवर्तित किया जाएगा। वहीं, 29 मार्च को 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस को भी गोंडा-बारहनी-गोरखपुर के रास्ते से परिवर्तित किया जाएगा। इसके अलावा, उत्तर रेलवे प्रणाली के तहत पटली स्टेशन पर नए रेलवे साइडिंग की कनेक्टिविटी के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण, 27 मार्च को चलने वाली 12259 सियालदह- बीकानेर एक्सप्रेस को नई दिल्ली-रोहतक-भिवानी-हिसार-सदुलपुर के रास्ते से परिवर्तित किया जाएगा।

## महाप्रबंधक ने ऑरेंज लाइन के जय हिन्द विमानबंदर मेट्रो स्टेशन से विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर मेट्रो स्टेशन तक के खंड का निरीक्षण किया



**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने मंगलवार को ऑरेंज लाइन के जय हिन्द विमानबंदर मेट्रो स्टेशन से विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर मेट्रो स्टेशन तक के खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो रेलवे और आरवीएनएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे।

जय हिन्द विमानबंदर स्टेशन पर मेट्रो अधिकारियों ने उन्हें अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि सभी शेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान श्री रेड्डी ने निर्माणाधीन न्यू टाउन डिपो, मदर वैक्स म्यूजियम और विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर मेट्रो स्टेशन का भी जायजा लिया।

इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करना और समय पर परियोजना पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना था। महाप्रबंधक ने कार्य में और तेजी लाने तथा सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग ने मनाया विश्व क्षयरोग दिवस

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे के मेडिकल विभाग द्वारा 24 मार्च 2025 को गार्डन रीच स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल के सभागार में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध फेफड़ों के रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदिता घोष दस्तिदार ने क्षयरोग (टीबी), इसके कारण, सावधानियां, पहचान, उपचार और रोग के ठीक होने की प्रक्रिया पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत सेंट्रल हॉस्पिटल की एसीएचडी डॉ. मुक्ता मंडल रॉय द्वारा दिए गए संक्षिप्त परिचय से हुई।

इस अवसर पर सात टीबी योद्धाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस गंभीर बीमारी का साहसपूर्वक मुकाबला करते हुए स्वस्थ जीवन की ओर वापसी की और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। मेडिकल विभाग द्वारा उन्हें फल की टोकरी और प्रोटीन बार देकर सम्मानित किया गया, ताकि उनका हौसला बढ़ाया जा सके और दूसरों को भी प्रेरित किया जा सके।



कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंजना मल्होत्रा, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने बीते 100 दिनों में टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे गहन कार्यक्रम की उपलब्धियों को साझा किया।

दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार ने टीबी योद्धाओं को प्रोत्साहित किया और मेडिकल विभाग के समर्पण की सराहना की। उन्होंने इस प्रयास को 'टीबी मुक्त भारत' और इस वर्ष के विश्व क्षयरोग दिवस की थीम - हां! हम टीबी का अंत कर सकते हैं: संकल्प लें, निवेश करें, पूरा करें - के अनुरूप बताते हुए इसे समाज से इस बीमारी को जड़ से खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

अंत में सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डन रीच के चिकित्सा निदेशक डॉ. के. श्रीकुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया और मेडिकल समुदाय व रेलवे प्रशासन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## गर्मियों में घरेलू पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए केरल टूरिज्म लॉन्च करेगा ऑल-इंडिया कैंपेन





**कोलकाता, समाज्ञा :** गर्मी के मौसम में घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए केरल टूरिज्म एक देशव्यापी कैंपेन शुरू करने जा रहा है। केरल के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने कहा कि इस अभियान में खासतौर से स्कूल छुट्टियों और परिवारों को ध्यान में रखा जाएगा। इस बार उत्तरी केरल जैसे वायनाड, बेकल, कन्नूर और कोझिकोड को प्रमोट किया जाएगा, जिनमें अब बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री रियास ने बताया कि केरल में आने वाले घरेलू पर्यटकों ने राज्य के पर्यटन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके साथ ही, सी-प्लेन और हेली-टूरिज्म जैसी नई सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी। केरल अब शादियों और बड़े कार्यक्रमों के लिए भी पसंदीदा जगह बन चुका है। केरल में एडवेंचर टूरिज्म की भी बढ़ती लोकप्रियता है, और राज्य ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं।

## बदलते मौसम में आयुर्वेदिक डाइट प्लान से रखें सेहत का ध्यान: डॉ. मधुमिता कृष्णन

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैसे ही सर्दी का मौसम खत्म होता है और गर्मियों का आगमन होता है, आयुर्वेद शरीर के मौसमी असंतुलन को रोकने के लिए विशेष आहार की सलाह देता है। आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉ. मधुमिता कृष्णन के अनुसार, इस समय शरीर के तीन दोष-वात, पित्त और कफ-असंतुलित हो सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जो शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस की दिक्कतें पैदा कर सकता है। साथ ही, पाचन भी कमजोर हो जाता है और शरीर में विषैले पदार्थ जमा होने लगते हैं। इससे बचने के लिए, डॉ. कृष्णन ने एक सात दिवसीय आयुर्वेदिक डाइट प्लान की सिफारिश की है, जिसमें घर का बना घी, वेजीटेबल सूप, ताजे मौसमी साग और बादाम जैसी चीजें शामिल हैं। यह डाइट पाचन को मजबूत करने, इम्युनिटी बढ़ाने और मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाने में मदद करती है। डॉ. कृष्णन ने इस डाइट के विभिन्न दिन-प्रतिदिन के आहार को भी विस्तार से बताया, जिसमें पौष्टिक और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों को शामिल किया गया है।

# सीलदह डिवीजन में महिलाओं के लिए बढ़ाई जाएंगी अतिरिक्त कोच

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के सीलदह डिवीजन ने महिला यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उपनगरीय ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) लोकल ट्रेनों में अतिरिक्त महिलाओं के लिए आरक्षित कोच जोड़ने का फैसला किया है। इससे महिलाओं के लिए यात्रा को अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाया जा सकेगा।

फिलहाल, ईएमयू लोकल ट्रेनों में महिलाओं के लिए दो कोच आरक्षित होते हैं, लेकिन भीड़ बढ़ने के कारण ये व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है, खासकर व्यस्त समय में। इस समस्या को आंशिक रूप से मातृभूमि स्पेशल ट्रेनों के जरिए हल किया जा रहा था। हालात का गहराई से विश्लेषण करने के बाद रेलवे प्रशासन ने तीन-फेज ईएमयू रेक में महिलाओं के लिए अधिक कोच आरक्षित करने का निर्णय लिया है। आमतौर पर, ईएमयू



ट्रेनों के दोनों सिरों से दूसरा कोच महिलाओं के लिए आरक्षित होता है, लेकिन अब तीसरे कोच का एक हिस्सा भी महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

सीलदह डिवीजन भारत का सबसे व्यस्त रेलवे जंक्शन है, जहां हर दिन करीब 15 से 18 लाख यात्री सफर करते हैं। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में महिलाएं मुख्य, उत्तर और दक्षिण उपनगरीय रेल सेवाओं का उपयोग करती हैं। हाल के वर्षों में महिला यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, खासकर शिक्षा और सेवा क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के कारण। इसी को देखते हुए महिलाओं के लिए अतिरिक्त कोच की आवश्यकता महसूस की गई।

भीड़भाड़ के समय एक ईएमयू लोकल ट्रेन में औसतन 3,000 यात्री सफर करते हैं। अब दो अतिरिक्त कोचों का एक हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने से महिलाओं के मौजूदा कोच में भीड़भाड़ कम होगी और उन्हें अधिक आरामदायक यात्रा का अवसर मिलेगा।

सीलदह डिवीजन का यह निर्णय यात्री प्रवाह को सुचारू करने, भीड़ को कम करने और समग्र ट्रेन संचालन को बेहतर बनाने में सहायक होगा। साथ ही, महिलाओं के लिए अधिक कोच उपलब्ध होने से यात्रा के दौरान उत्पीड़न की आशंका भी कम होगी और वे अधिक सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर महसूस करेंगी।

पूर्व रेलवे द्वारा उठाया गया यह कदम महिलाओं की यात्रा को अधिक सुविधाजनक और तनावमुक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। इससे महिलाओं की सुरक्षा, आराम और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे वे बिना किसी चिंता के अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगी।

# रवींद्रभारती विश्वविद्यालय के जोड़ासांको कैंपस में छात्रों के विरोध से उबाल, तनावपूर्ण माहौल

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में छात्र विरोध मंगलवार को भी जारी रहा। पिछले दिन के विरोध के बाद मंगलवार से ही जोड़ासांको कैंपस में छात्र विरोध प्रदर्शन में सक्रिय हो गए। छात्रों ने विरोध प्रदर्शन के साथ अस्थायी उपाचार्य के कमरे के दरवाजे पर ताला भी लटका दिया। उल्लेखनीय है कि कई दिनों से अस्थायी उपाचार्य के खिलाफ छात्रों का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इस विरोध प्रदर्शन ने कैंपस का माहौल पूरी तरह से गरमा दिया। विरोध के पीछे मुख्य कारण यह है कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने शुभ्रकमल मुखोपाध्याय को अस्थायी उपाचार्य नियुक्त किया था, लेकिन छात्रों का आरोप है कि पद संभालने के बाद से वह अपने तरीके से काम कर रहे हैं और किसी की नहीं सुन रहे। छात्र-



छात्राओं के साथ-साथ प्रोफेसरों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार हो रहा है।

इस विरोध के बीच आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इसके साथ ही, रवींद्रभारती विश्वविद्यालय में यह समस्या लंबे समय से चल रही है। 2023 से यहां के कार्यवाहक उपाचार्य पूर्व न्यायधीश शुभ्रकमल मुखोपाध्याय हैं और रजिस्ट्रार भी अस्थायी हैं। जिससे छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय को अपनी मर्जी से चलाया जा रहा है और इससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। लगभग एक महीने पहले रवींद्रभारती के बीटी रोड कैंपस में भी विरोध प्रदर्शन हुआ था, जहां उपाचार्य को विरोध का सामना करना पड़ा था।

# हावड़ा में प्रभावित 96 परिवारों को 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना के तहत दिया जाएगा घर

## मंत्री फिरहाद हकीम ने की घोषणा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बेलगाछिया क्षेत्र में जमीन के धंसने की घटना के बाद कई परिवार बेघर हो गए हैं। मंत्री फिरहाद हकीम ने प्रभावित 96 परिवारों के लिए 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना के तहत घर बनाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इन परिवारों को सरकार द्वारा आवास योजना के तहत घर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही, हावड़ा में बड़े नाले और सड़कों के निर्माण की जिम्मेदारी केएमडीए को दी गई है। यह घोषणा उन्होंने न्यूटाउन में नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक के बाद की।

मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि हावड़ा नगर निगम में लंबे समय से विभिन्न जटिलताओं के कारण नगर निगम चुनाव नहीं हो पाए थे और इस संकट के बाद हावड़ा की जिम्मेदारी पुर एवं नगरीय विकास विभाग ने अपने हाथ में ली थी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रभावित 96 परिवारों को घर दिए जाने के लिए एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। इसके अलावा, केएमडीए हावड़ा में बड़े नाले और सड़कों का निर्माण करेगा, जबकि हावड़ा नगर निगम छोटे-छोटे कार्यों और रखरखाव का ध्यान रखेगा। फिरहाद हकीम ने कहा, पानीहाटी की तरह हावड़ा में भी बड़े नाले और सड़कों का निर्माण केएमडीए द्वारा किया जाएगा, जबकि भूस्खलन के मामले और बांग्लार बाड़ी घरों का निर्माण कोलकाता नगर निगम करेगा।

इस बीच, जादवपुर विश्वविद्यालय की एक विशेष टीम ने भूस्खलन स्थल की मिट्टी का परीक्षण किया है। रिपोर्ट आने के बाद भूस्खलन से संबंधित आगे की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी तृणमूल की पंचायत प्रधान, लगे पोस्टर

## नदिया जिले के पायरडांगा में प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए लगाए गए कई पोस्टर

**कोलकाता :** बंगाल के नदिया जिले के पायरडांगा में तृणमूल कांग्रेस की पंचायत प्रधान फाल्गुनी बिस्वास पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हुए उनके खिलाफ इलाके में कई पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र में सियासी घमासान मच गया है। पोस्टरों में पंचायत द्वारा खरीदी गई जमीन की कीमत को लेकर सवाल उठाए गए हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रीतिनगर भूदेव मेमोरियल स्कूल की चारदीवारी और हाल ही में खरीदी गई कृषि भूमि के पास सफेद कागज पर लिखे पोस्टर देखे, जिनमें बांग्ला में लिखा था- सात लाख की जमीन 37 लाख में क्यों खरीदी गई? फाल्गुनी बिस्वास, कृपया जवाब दें। फाल्गुनी बिस्वास, कृपया जवाब दें कि जमीन नियमों के अनुसार क्यों नहीं खरीदी गई?

पोस्टर में पंचायत प्रधान फाल्गुनी बिस्वास और कांग्रेस पंचायत समिति के सदस्य बिजयेंदु बिस्वास को सजा देने की मांग की गई है।

पोस्टर के नीचे 'मां, माटी व मानुष लिखा गया था, जो तृणमूल कांग्रेस का प्रमुख नारा है।

❑ **विपक्ष ने साधा निशाना**

इधर, इस पूरे घटनाक्रम के बाद विपक्षी दल भाजपा ने इसे तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी कलह का नतीजा बताया है। भाजपा का दावा है कि तृणमूल कांग्रेस का एक गुट दूसरे गुट के खिलाफ पोस्टर लगा रहा है। यह पार्टी के भीतर भाई-भतीजावाद और गुटबाज़ी को उजागर करता है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य में तृणमूल की सरकार भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा दे रही है, और जनता 2026 में इसका जवाब देगी।

तृणमूल पंचायत द्वारा खरीदी गई इस विवादित जमीन पर श्मशान घाट बनाए जाने की योजना है। लेकिन आरोप है कि इस जमीन को बाजार मूल्य से कहीं अधिक कीमत पर खरीदा गया, जिससे भ्रष्टाचार की बू आ रही है। अब तक फाल्गुनी बिस्वास या तृणमूल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### डकैती के आरोप में 3 गिरफ्तार



**हुगली :** ग्रामीण पुलिस के मगरा थाना ने तीन बदमाशों को डकैती के आरोप में गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस बदमशों तक पहुंची। यह बदमाश मगरा के 13 नंबर फ्लाई ओवर ब्रिज के पास डकैती की योजना बनाते घूम रहे थे। पुलिस की टीम तुरंत पहुंची और तीन को गिरफ्तार किया। तीनों के पास के एक चाकू, भुजाली, साबल और एक टॉर्च बरामद किया। आरोपियों के नाम आकाश डोम (24),विश्वजीत शील उर्फ मोरू और बासु राय उर्फ ख़ेपू (30) है। तीनों को चुंचुड़ा कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस के मुताबिक इनके अन्य साथी रात के अंधेर का फायदा उठा कर फरार हो गए।

## शुभेंदु के साथ पुलिस दुर्व्यवहार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

❑ **भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाल के कई हिस्सों में किया विरोध प्रदर्शन**

**कोलकाता :** हावड़ा जिले के बेलगछिया में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के साथ पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई बदसलूकी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बंगाल के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर राजमार्ग चौराहों और प्रमुख चौराहों पर प्रदर्शन किया, जिससे यातायात बाधित हुई। हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पुलिस अत्याचार समाप्त करने की मांग की। बांकुड़ा जिले में, लगभग 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग 30 मिनट तक राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। शुभेंदु सोमवार को भूस्खलन से प्रभावित लोगों से मिलने हावड़ा के बेलगछिया गए थे।

हालांकि, पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें प्रवेश करने से रोक दिया, जिससे हाथापाई हो गई। उन्होंने एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर पर उन्हें पीटने का आरोप लगाया और मीडिया को अपना खून से लथपथ हाथ दिखाया। बेलगछिया में भूस्खलन के कारण कई घर ढह गए, जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। बेलगछिया भगाड़ के पास हाल में हुए भूस्खलन के कारण एक किलोमीटर लंबी पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे शहर के बड़े इलाके में पानी की भारी किल्लत हो गई।

## सरकारी अस्पताल में लगा जीवनदायी ऑक्सीजन प्लांट



**हुगली :** कोरोना महामारी ने हमे एक बाद सबक दिया। अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से कई लोगों की मौत हुई थी। हुगली जिला सदर चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में आपात स्थिति से निपटने और मरीजों को संकट से उबारने के लिए एक कैप्सूल नुमा ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है। इस ऑक्सीजन कैप्सूल को पहली नजर में इसे देखने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे श्रीहरिकोटा का सतीश धवन अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र हो, जहां रॉकेट प्रक्षेपण की तैयारी चल रही हो। दरअसल यह विशाल जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर है, जिसमें 13,000 लीटर लिक्विड ऑक्सीजन संग्रहित रहेगा। पश्चिम बंगाल सरकार ने 50 लाख रुपये की लागत से चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में इस परियोजना को स्थापित किया गया है। अब तक अस्पताल में ऑक्सीजन छोटे-छोटे सिलेंडरों में भरकर वाहनों के जरिए लाया जाता था। लेकिन अब इस जंबो सिलेंडर से सीधे पाइपलाइन के माध्यम से अस्पताल के विभिन्न वार्डों में ऑक्सीजन की आपूर्ति होगी। जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी, मृगांक मौलि कर ने बताया कि अस्पताल में ऑक्सीजन की बढ़ती जरूरत को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को इस परियोजना का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके बाद सरकार ने 50 लाख रुपये स्वीकृत किए। पहले छोटे सिलेंडरों में ऑक्सीजन लाने में कई तरह की दिक्कतें होती थीं, लेकिन अब वह परेशानी खत्म हो जाएगी। ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले कर्मियों को भी 24 घंटे सतर्क रहने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि पाइपलाइन के जरिए सीधे आईसीयू, ओटी और अन्य सभी आवश्यक वार्डों में मरीजों तक ऑक्सीजन पहुंचेगी। इमामबाड़ा जिला अस्पताल में फिलहाल 600 से अधिक बेड हैं, और भविष्य में बेड की संख्या और बढ़ाई जाएगी। अस्पताल के अधीक्षक अमिताभ मंडल के अनुसार, पहले अस्पताल को ऑक्सीजन के लिए सालाना 10 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब यह खर्च घटकर लगभग छह करोड़ रुपये रह जाएगा, जिससे चार करोड़ रुपये की बचत होगी।

## पानागढ़ कांड में इवटीजिंग का आरोप बेबुनियाद, हाईकोर्ट में राज्य सरकार का दावा

**कोलकाता :** पानागढ़ में सड़क दुर्घटना में मारी गई सुतंद्रा चट्टोपाध्याय की मौत का मामला अब अदालत तक पहुंच गया है। मृतका की मां तनुश्री चट्टोपाध्याय ने कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत में दावा किया कि इस घटना में इवटीजिंग का कोई प्रमाण नहीं मिला और लगाए गए आरोप निराधार हैं। घटना 24 फरवरी की रात की है, जब 27 वर्षीय सुतंद्रा चट्टोपाध्याय, जो एक नृत्यांगना और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की संचालक थीं, पानागढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रही थीं। आरोप था कि शराब के नशे में कुछ युवकों ने उनकी कार का पीछा किया और उन पर अभद्र टिप्पणी की। इस उत्पीड़न से बचने के लिए उनकी कार तेज गति में आ गई और संतुलन बिगड़ने से हादसा हो गया, जिसमें सुतंद्रा की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने घटना के 16 घंटे बाद इवटीजिंग के आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि सुतंद्रा की कार दूसरी कार के साथ रेसिंग कर रही थी। यहां तक कि मृतका के ड्राइवर ने भी अपना बयान बदल लिया, जिससे मामला और उलझ गया। कोर्ट में याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि चंदननगर में इस घटना को लेकर दर्ज एफआईआर में विरोधाभास हैं। उन्होंने बताया कि आसनसोल पुलिस कमिश्नरेट ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, लेकिन पुलिस की भूमिका संदिग्ध रही। उन्होंने कांकड़ा थाने से निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि पुलिस का काम सच को सामने लाना है। राज्य सरकार ने सुनवाई में बताया कि तीन न्यायिक मजिस्ट्रेटों के समक्ष दिए गए बयानों में भी इवटीजिंग का कोई जिक्र नहीं है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने केस डायरी अदालत में जमा करने का आदेश दिया है।

## जमानत के बाद फिर हमला, सॉल्ट लेक में युवतियों पर दोबारा हमला करने का आरोप



**कोलकाता :** पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सजा क्या मारपीट होती है? सॉल्ट लेक के विधाननगर इलाके में जो हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया। मारपीट के आरोप में गिरफ्तार युवक जमानत पर छूटते ही उन्हीं युवतियों पर दोबारा हमला कर बैठा, जिन्होंने उसके खिलाफ शिकायत की थी।

घटना विधाननगर के शांतिनगर इलाके की है, जहां दो युवतियां किराए के मकान में रहती हैं। 18 मार्च की रात उनकी कार पर हमला करने की कोशिश की गई। जब उन्होंने नीचे आकर देखा, तो पाया कि एक युवक, टिंकू मंडल, उनकी कार तोड़ने की कोशिश कर रहा था। जब युवतियों ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने अपने एक साथी को बुला लिया और झगड़ा बढ़ने लगा।

डरी हुई युवतियों ने तुरंत विधान-नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची और टिंकू मंडल और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अगली ही सुबह कोर्ट ने दोनों को जमानत दे दी।

जमानत मिलने के बाद टिंकू मंडल और उसके साथी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर दोबारा उन युवतियों पर हमला कर दिया। इस बार मारपीट और भी ज्यादा खतरनाक थी। आरोप है कि टिंकू ने एक युवती पर ईंट से हमला किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। हमले में युवतियों के चेहरे, गर्दन और हाथों पर चोटें आईं।

घटना के बाद दोनों पीड़ितों ने एक बार फिर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मंगलवार को दोनों युवतियां विधाननगर के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर से मिलीं और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पू. सी. रेलवे ने अलीपुरद्वार मंडल का 100% बिजलीकरण पूरा किया

**मालीगांव :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) अपने बिजलीकरण कार्यों में निरंतर अग्रसर है, जो भारतीय रेलवे के 100% बिजलीकरण और नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी विजन को सहयोग करता है। अलीपुरद्वार मंडल (एपीडीजे) के सफल बिजलीकरण ने एक उल्लेखनीय माइलस्टोन हासिल किया गया है, जबकि तिनसुकिया मंडल (टीएसके) में बिजलीकरण कार्य निरंतर गति पर हैं। एपीडीजे में, 46 रूट कि.मी. (आरकेएम)/50.536 ट्रैक कि.मी. (टीकेएम) में फैले फकीराग्राम-गोलकगंज सेक्शन का विद्युतीकृत होना, मंडल के पूर्ण विद्युतीकृत की ओर अंतिम कदम है, जो अधिक दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करता है। इसी तरह, 49.81 आरकेएम/55.71 टीकेएम वाले न्यू कोचबिहार-दिनहाटा-बामनहाट सेक्शन का बिजलीकरण होना पू. सी. रेलवे में रेलवे विद्युतीकरण की प्रगति को और अधिक सुदृढ़ करता है। इस उपलब्धि में स्टेशनों पर ट्रिप यूनिट रेटिंग आपूर्ति, एससीएडीए कार्यान्वयन और सफल इलेक्ट्रिक लोको ट्रॉयल सहित प्रमुख उन्नयन शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रिक लोको का परीक्षण 19:16 बजे शुरू हुआ और फकीराग्राम (एफकेएम) 20:11 बजे पहुंचा, जो बिजलीकरण के सफल कार्यान्वयन को प्रदर्शित करता है। इस उपलब्धि के साथ, यह मंडल निर्बाध विद्युत ट्रेन परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे तेज यात्रा, कम उत्सर्जन और लागत प्रभावी रेलवे संभव हो सकेगा। इसके साथ ही, तिनसुकिया मंडल के मरियानी-जोरहाट टाउन सेक्शन में बिजलीकरण का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 18.215 आरकेएम/22.725 टीकेएम को कवर करते हुए, सबस्टेशन, सहायक ट्रांसफार्मर और पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा संप्राप्ति प्रतिष्ठानों सहित प्रमुख बुनियादी संरचना का विकास सक्रियता से प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, समपार फाटक और ओवर-लाइन संरचनाओं का बिजलीकरण पूरा हो चुका है।

## शुभेंदु के खुद पर पुलिस हमले के आरोप पर टीएमसी सांसद ने कहा, 'कुशल अभिनेता' हैं भाजपा नेता

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी द्वारा पुलिस पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा विधायक एक 'कुशल अभिनेता' हैं। शुभेंदु ने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में भू-धंसाव प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी। इस पर बनर्जी ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि कोई नेता प्रतिपक्ष पर कैसे हमला कर सकता है, क्योंकि वह 'हमेशा' केंद्रीय बल के जवानों से घिरे रहते हैं। टीएमसी सांसद ने कहा कि अगर अधिकारी के साथ वास्तव में धक्का-मुक्की की गई होती तो उन्हें खुशी होती। अधिकारी सोमवार को बेलगछिया गांव में हाल ही में हुए भू-धंसाव से प्रभावित निवासियों से मिलने गए थे। हालांकि, पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया जिससे झड़प हो गई। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान एक उपनिरीक्षक ने उन्हें पीट दिया। अधिकारी ने अपने दावों को पुष्ट करने के लिए खून से लथपथ हाथ दिखाया। अधिकारी के दावों के बारे में पूछे जाने पर बनर्जी ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, 'शुभेंदु अधिकारी नाटक करने के शौकीन हैं और वह अभिनय कौशल में निपुण हैं। क्या आपको लगता है कि कोई व्यक्ति जो हमेशा सीआईएसएफ कर्मियों से घिरा रहता है, उसे कोई मार सकता है?' टीएमसी सांसद ने भाजपा नेता पर झूठ गढ़ने का आरोप लगाते हुए कहा, 'अगर शुभेंदु के साथ वास्तव में मारपीट की गई होती, तो मैं खुश होता।' भाजपा महासचिव जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने अधिकारी के बारे में बनर्जी की टिप्पणी को 'अपमानजनक, निरंकुश, अलोकतांत्रिक और टीएमसी का असली चेहरा उजागर करने वाला' करार दिया।

बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने दावा किया कि अधिकारी पर हमला दिखाता है कि ममता बनर्जी शासित पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष भी सुरक्षित नहीं हैं, एक पुलिसकर्मी किसी नेता के दौरे के दौरान उसे पीट सकता है।

### नवान्न के पास पलटा कंटेनर, घंटों जाम में फंसे रहे लोग



**हावड़ा, समाज्ञा :** नवान्न के पास मंगलवार की सुबह एक कंटेनर बीच सड़क पर पलट गया। जिस कारण द्वितीय हुगली ब्रिज के एक हिस्से में ट्रैफिक पूरी तरह से ठप गया और लोगों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, खिदीरपुर से लिलुआ की ओर जा रही 14 चक्के वाली एक कंटेनर को मंदिरतला के पास पार्क किया गया था। इस दौरान कंटेनर अचानक पलट गया। कंटेनर के बीच सड़क पर गिरते ही मंदिरतला रूट पर सभी वाहनों का आना-जाना बंद हो गया। इसके साथ ही, कोलकाता और कोना एक्सप्रेसवे से आने वाली गाड़ियां भी कई घंटों तक फंसी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले एक छोटे क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जिसके बाद, एक बड़ा क्रेन लाया गया और 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर को हटाया गया। कंटेनर के हटते ही धीरे-धीरे यातायात फिर से सामान्य हो गई।

# बंगाल भूमि धंसाव: कांग्रेस ने सरकार पर हालात को लेकर उदासीन रहने का आरोप लगाया



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने मंगलवार को राज्य सरकार पर हावड़ा जिले की बेलगछिया की स्थिति के प्रति उदासीन रहने का आरोप लगाया जहां भूमि घंसाव से कई लोगों बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाने चाहिए।

सरकार को सुरक्षा कारणों और क्षेत्र में चल रहे मरम्मत कार्य के कारण पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के चलते बेलगछिया जाने से रोक दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया, ''राज्य सरकार ने विशेषज्ञों द्वारा दी गई उन पूर्व चेतावनियों पर ध्यान नहीं दिया जिसमें कहा गया है कि हावड़ा के बेलगछिया में अनियोजित कचरा फेंकने के कारण ऐसा संकट उत्पन्न हो सकता है।'

कांग्रेस नेता ने यह भी पूछा कि वहां फेंके गए कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया गया।

सूत्रों ने बताया कि शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने बेलगछिया कचरा स्थाल में जमीन धंसने से उत्पन्न समस्या पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। हकीम ने सोमवार को इलाके का दौरा किया और स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि तीन दिनों के भीतर समाधान ढूंढ़ लिया जाएगा।

भूमि धंसाव के कारण कई घर ढह गए हैं जिससे कचारा स्थल और झील के पास रहने वाले करीब 15,000 लोग प्रभावित हुए हैं। संबंधित अधिकारी पानी और बिजली की आपूर्ति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण ये आपूर्ति बुरी तरह बाधित हो गई है।

भूमि धंसाव के कारण पानी की पाइपलाइन टूट गई है जिससे हावड़ा नगर निगम के कई वार्डों में पानी की भारी कमी हो गई है।

### ईद से पहले मंत्री बेचाराम मन्ना ने 3500 लोगों को दिए नए वस्त्र



**हुगली :** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में ईद से पहले रमजान के पावन महीने में राज्य के मंत्री बेचाराम मन्ना और हरिपाल विधायक डॉ. कार्बी मन्ना ने 3500 अल्पसंख्यकों को नए वस्त्र वितरित किए। यह कार्यक्रम हरिपाल ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस की पहल पर हरिपाल लोक मंच में आयोजित किया गया, जिसमें 15 अलग-अलग इलाकों से आए लोग शामिल हुए। इस मौके पर राज्य मदरसा विकास बोर्ड के प्रवक्ता सज्जाद हुसैन, पंचायत समिति अध्यक्ष सुचंद्र ढोले, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मंत्री बेचाराम मन्ना ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दिखाए पथ का अनुसरण कर की गई है, ताकि हर समुदाय अपने त्योहार को खुशी और सम्मान के साथ मना सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और बंगाल में सभी त्योहारों को एक साथ मनाने की परंपरा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह दुर्गा पूजा के दौरान नए वस्त्र वितरित किए जाते हैं, उसी तरह ईद पर भी जरूरतमंदों को नए वस्त्र उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं। जनता की खुशी ही एक जनप्रतिनिधि की असली खुशी होती है।

# बारुईपुर में सभा करने के लिए शुभेंदु ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाजा


## पुलिस ने विरोध रैली को अनुमति देने से किया है इन्कार

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में बारुईपुर में सभा करने के लिए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका दावा है कि वे 27 मार्च को बारुईपुर में एक विरोध रैली आयोजित करना चाहते हैं, लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति देने से इन्कार कर दिया है। मंगलवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मामला दायर करने की अनुमति दे दी। इस मामले की सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है।

शुभेंदु ने शिकायत की कि उन्हें विधानसभा सत्र में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। न केवल उन्हें, बल्कि वह विधानसभा सत्र के दौरान विपक्षी पार्टी के किसी भी विधायक को बोलने नहीं दी गई है।


इस तरह के आरोप लगाते हुए शुभेंदु ने पिछले बुधवार को अध्यक्ष के विधानसभा क्षेत्र में जुलूस और सभा का आह्वान किया था। उन्होंने मांग की कि विधानसभा अध्यक्ष को बारुईपुर की जनता को यह बताना चाहिए कि वह विपक्षी विधायकों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। भाजपा की सभा के दिन तृणमूल कांग्रेस ने भी इलाके में जवाबी सभा का आयोजन किया। इस दौरान सभा में भाग लेने आए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तृणमूल कार्यकर्ताओं की झड़प हुई। इन सबके चलते भाजपा का जुलूस रद कर दिया गया। कथित तौर पर विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के मतदान केंद्र का दौरा करते समय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने शुभेंदु की कार पर हमला किया था। विपक्षी नेता को बाधाओं के कारण जुलूस निकाले बिना ही वापस लौटना पड़ा। भाजपा इस घटना के विरोध में सडक़ पर उतरना चाहती है।

### श्रीरामपुर में पहली बार सफलतापूर्वक आयोजित हुई वेस्ट बंगाल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025



**हुगली :** टाइटेनियम के संयोजक सुरजीत सिंह द्वारा पहली बार वेस्ट बंगाल बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2025 का सफल आयोजन 22 से 23 मार्च तक आरएमएस मैथ, श्रीरामपुर, हुगली में हुआ। इस ओपन चैंपियनशिप में पूरे राज्य से 200 से अधिक बॉक्सर्स ने भाग लिया। जूनियर, यूथ और सीनियर वर्ग के पुरुष एवं महिला मुक्केबाजों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। 40 बॉक्सर्स ने गोल्ड मेडल जीते, वहीं हुगली के शुभायन साहा को 'बेस्ट बॉक्सर' का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि स्वपन बनर्जी (सचिव, डब्ल्यूबीपीबीए) ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस आयोजन में डॉ. सुदीप्तो रॉय, गिरीधारी शाह, गौर मोहन डे, तियाशा मुखर्जी, कामाख्या नारायण सिंह, पिंटू नाग, जय नाथ झा, समाजसेवी दारा सिंह, हनीफ शेख, गोस्वामी सिंह, प्रभीर पाल, कुणा बनर्जी, चिन्मय बनर्जी, संभु दास, मोनू उपाध्याय और अर्हको देबनाथ उपस्थित थे।

## दिलीप घोष की तारीफ में तृणमूल के हुमायूं कबीर, शुभेंदु पर साजिश रचने का आरोप



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर हमला बोलते-बोलते तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने बीजेपी नेता दिलीप घोष की जमकर तारीफ कर दी। उनके इस बयान से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। हुमायूं ने आरोप लगाया कि शुभेंदु अधिकारी ने साजिश करके दिलीप घोष को उनकी जीती हुई सीट से हटा दिया।

मंगलवार को विधानसभा के बाहर मीडिया से बातचीत में हुमायूं कबीर ने कहा, नेता बड़ा है या छोटा, यह उसके आचरण से साबित होता है। 2015 से पहले किसी ने नहीं सोचा था कि दिलीप घोष एक प्रभावशाली नेता बनेंगे। लेकिन 2016 में उन्होंने खड़गपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में हमारे 10 बार के विधायक ज्ञान सिंह सोहंपाल को हराकर जीत हासिल की। फिर 2019 में भी उन्होंने जीत दर्ज की और सांसद बने। लेकिन 2024 में शुभेंदु अधिकारी और उनके गुट ने साजिश करके उन्हें पूर्व बर्दवान भेज दिया। अब फैसला जनता करे कि बड़ा नेता कौन है।

हुमायूं कबीर ने शुभेंदु अधिकारी पर पुरानी साजिशों का भी आरोप लगाते हुए कहा, 2016 में भी शुभेंदु अधिकारी ने मेरे खिलाफ साजिश रची और मुझे तृणमूल का टिकट नहीं मिलने दिया।

जब इस बयान पर दिलीप घोष से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा, इस पर मैं क्या कह सकता हूं? कोई मेरी तारीफ कर सकता है, कोई मेरी आलोचना भी कर सकता है। हुमायूं कबीर ने जो महसूस किया, वही कहा। हां, वे कभी मेरे साथ बीजेपी में थे, हमारे बीच दोस्ती थी, कोई दुश्मनी नहीं है। कुछ विचारों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है।

इस बयान से बंगाल की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है, क्योंकि हुमायूं कबीर का यह बयान न सिर्फ शुभेंदु अधिकारी पर हमला था, बल्कि बीजेपी के अंदर चल रही गुटबाजी पर भी इशारा करता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अभिनेता सोनू सूद की पत्नी और दो अन्य सड़क हादसे में घायल

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हुए एक सड़क हादसे में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की पत्नी सोनाली और दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हादसा सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। उन्होंने बताया कि सोनाली सूद अपनी बहन और भांजे के साथ जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह वर्धा रोड वायाडक्ट पुल पर एक ट्रक से टकरा गई। अधिकारी के अनुसार, हादसे में घायल तीनों लोगों को नागपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

### सरकारी अस्पताल के बरामदे में दौड़ाई गयी स्कूटी, पुलिस में शिकायत दर्ज

**जयपुर :** राजस्थान के बाड़मेर में एक सरकारी अस्पताल के गलियारे में कथित रूप से इलेक्ट्रिक स्कूटी चलाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को इस घटना का एक वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल के अधिकारियों ने पुलिस से शिकायत की। वीडियो बनाने वाला दिखाई नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में बाड़मेर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुराने भवन के गलियारे से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी (ओला) गुजरते हुए दिख रही है। वीडियो में गलियारे में खड़े लोग भी दिखते हैं। वहीं 'बैकग्राउंड' में गाना बज रहा है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बी एल मंसूरिया ने कहा, 'वीडियो आज हमारे संज्ञान में आया, जिसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

### प्रशांत किशोर ने बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के लिए भारत रत्न की मांग की

**शेखपुरा :** जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने बिहार के पहले मुख्यमंत्री दिवंगत श्रीकृष्ण सिंह को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत करने की मंगलवार को मांग की। किशोर ने यह मांग शेखपुरा में उठाई। 'श्री बाबू' के नाम से जाने जाने वाले सिंह इसी जिले से ताल्लुक रखते थे।

CHANGE OF NAME

I,RAMBARAN RAY(OLD NAME) S/O LATE SOMAN YADAV,RESIDING AT KALYANPUR,BIBHUTIPUR,DIST-SAMASTIPUR,BIHAR,PIN-848160,INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS RAM BARAN YADAV(NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 24/03/2025.RAMBARAN RAY(OLD NAME) AND RAM BARAN YADAV (NEW NAME) BOTH ARE SAME AND IDENTICAL PERSON.

# पिछली सरकार की 'एक जिला एक माफिया' नीति 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' से बदला: आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने पिछली सरकारों की 'एक जिला एक माफिया' की नीति को 'एक जिला एक मेडिकल कॉलेज' से बदल दिया है और इससे पूरे राज्य में लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' के आठ साल पूरे होने पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में 2017 से अब तक की अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किए गए विकास पहलों और नीतिगत सुधारों को प्रदर्शित करने के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आदित्यनाथ ने कहा, 'पिछली सरकारों ने 'एक जिला, एक माफिया' पैदा किया। आज सरकार ने 'एक जिला, एक मेडिकल' कॉलेज दिया है, 'एक जिला एक उत्पाद' दिया है। उसने नए रोजगारों का सृजन किया है। उसने कुटीर, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में निवेश का एक नया युग आया है और वह अपने नए मूलभूत ढांचे के साथ, सर्वाधिक एक्सप्रेसवे, सर्वाधिक मेट्रो रेल, सर्वाधिक रेलवे नेटवर्क के साथ देश में आज अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य का प्रशासनिक ढांचा वही रहा है लेकिन 2017 में सरकार में बदलाव ने उत्तर प्रदेश को पूरी तरह से बदल दिया है। उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) राज्य की सत्ता में थी। लेकिन उस साल भाजपा सत्ता में आई और 2022 में भी उसने लगातार दूसरी बार सरकार बनायी। आदित्यनाथ ने दावा किया कि पहले राज्य विकास में पिछड़ा हुआ था, युवा पहचान के संकट से जूझ रहे थे और बेरोजगारी और भूख ने लोगों को निराशा में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं और व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे, आज उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर है, वह महिलाओं को सशक्त बना रहा है, युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर रहा है और प्रमुख विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतार रहा है जिससे यह देश के अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2017 से पहले राज्य में दंगे अक्सर होते थे और उस समय राजनीतिक आंदोलनों में शामिल लोग जानते थे कि स्थिति कितनी कठिन थी। उन्होंने कहा, हम लोगों ने 2017 में जनता जनार्दन से वादा किया था कि हम सबको सुरक्षा देंगे, सबका सम्मान करेंगे, योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर गांव, हर गरीब, हर किसान, हर नौजवान और हर जरूरतमंद को उपलब्ध कराएंगे। आपने देखा होगा सड़कों का जाल पूरे प्रदेश में बढ़ा है।

### बिहार: 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 86.50 प्रतिशत छात्र सफल

**पटना :** बिहार बोर्ड की 12वीं कक्षा के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए और परीक्षा में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। सभी संकाय में कुल सफल विद्यार्थियों का प्रतिशत 86.50 रहा, जो पिछले वर्ष (87.21 फीसदी) से कम है। लड़कियों ने तीनों संकाय में लड़कों को पछाड़ दिया। कला संकाय में 85.04 प्रतिशत लड़कियां और 78.94 प्रतिशत लड़के सफल घोषित किये गये। वहीं वाणिज्य में 97 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण हुईं, जबकि 93.62 प्रतिशत लड़के सफल हुए। विज्ञान में 91.29 प्रतिशत लड़कियां और 88.63 प्रतिशत लड़के उत्तीर्ण हुए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) के कार्यालय से परिणाम की घोषणा की। शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ और बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर घोषणा के दौरान मौजूद थे। किशोर ने बताया, इस वर्ष कुल 12,80,211 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 10,97,330 छात्र सफल हुए। उन्होंने बताया, इनमें से 5,08,540 छात्र प्रथम श्रेणी, 5,07,002 छात्र द्वितीय श्रेणी और 91,788 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

## धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करती उत्तर प्रदेश सरकार : मंत्री दयाशंकर मिश्र



**बलिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के आयुष और खाद्य सुरक्षा मंत्री दयाशंकर मिश्र ने राज्य सरकार द्वारा धार्मिक आधार पर भेदभाव किये जाने के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार कोई बंटवारा नहीं करती है बल्कि बांटने का काम तो विपक्ष के लोग करना चाहते हैं। मिश्र ने राज्य सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के मौके पर जिला मुख्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर धार्मिक आधार पर भेदभाव करने के लगाये जा रहे आरोप को गलत बताया। मिश्र ने कहा, 'विपक्ष का आरोप गलत है। सरकार कोई बंटवारा नहीं करती है। बांटने का कार्य विपक्ष के लोग करना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश कभी दंगे की भेंट चढ़ता था। मैं काशी से आता हूं। वहां साल में तीन दंगे होना तो अनिवार्य था। काशी के लोग महीनों का राशन जुटाकर रखते थे। आज बनारस और उत्तर प्रदेश के लोग भूल चुके हैं कि कभी दंगे भी होते थे।' उन्होंने कहा, 'आज उत्तर प्रदेश सुशासन का प्रदेश है। राज्य में कानून का राज है। अब गुंडे-माफियाओं की चलती नहीं है। अब वह उत्तर प्रदेश छोड़कर जा चुके हैं। अब न कहीं दंगा है, न कर्फ्यू । उत्तर प्रदेश में सब चंगा है।'

## बिहार विधानपरिषद में एक बार फिर नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच नोकझोंक देखने को मिली




**पटना :** बिहार विधानपरिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष की नेता राबड़ी देवी के बीच एक बार फिर नोकझोंक देखने को मिली। नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी से कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी होने के सिवा उनका कोई महत्व नहीं है। जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार एक बार फिर मंगलवार तब नाराज हो गये, जब विधानपरिषद में राजद के सदस्य हरे रंग के बैज लगाकर पहुंचे, जिन पर नारे लिखे थे कि राज्य में वंचित जातियों के लिए 'तेजस्वी सरकार' ने आरक्षण बढ़ा दिया था, लेकिन भाजपा के सत्ता में लौटने के बाद इसे छीन लिया गया। हरा रंग राजद के झंडे का रंग है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव तब उपमुख्यमंत्री थे, जब 2023 में कानून पारित कर आरक्षण बढ़ाया गया था। हालांकि, कुछ महीनों बाद पटना उच्च न्यायालय ने उसे रद्द कर दिया था। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अपने पूर्व सहयोगी द्वारा इस लोकलुभावन कदम का श्रेय लेने के प्रयास से स्पष्ट रूप से नाराज नजर आये। उन्होंने विधानपरिषद में एक (राजद) सदस्य को खड़ा होने को कहा, ताकि बैज और उस पर लिखे नारे स्पष्ट रूप से नजर आएं। मीडिया दीर्घा की ओर देखते हुए नीतीश कुमार (70) ने कहा, 'इस तमाशे को देखिए। यह आप केवल इसी पार्टी में यह देख सकते हैं।' राबड़ी देवी अपनी पार्टी का मजाक उड़ाये जाने के खिलाफ विरोध जताने के लिए खड़ी हुईं, लेकिन नीतीश कुमार ने उनसे कहा, 'आप इससे दूर ही रहिए। यह पार्टी आपकी नहीं, आपके पति की है।' सदन में हाल में कई बार कुमार और राबड़ी देवी के बीच वाकयुद्ध देखने को मिला है। मीडिया दीर्घा और सत्ता पक्ष के अपने सहयोगियों की ओर देखते हुए कुमार ने कहा, 'इस बेचारी महिला को उनके पति ने ऐसे समय में आगे बढ़ाया, जब वह मुसीबत में थे।'

## संभल में मेले की अनुमति न दिए जाने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**संभल, (उप्र) :** संभल के शहवाजपुर सुरा नगला गांव में मंगलवार को लगने वाले मेले की प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दिये जाने के बाद वहां एहतियात के तौर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने पत्रकारों को बताया कि आज इस स्थान पर किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं किया जा रहा है। एएसपी ने कहा, 'यह आयोजन एक लुटेरा, आक्रांता और हत्यारे की याद में किया जाता रहा है। इसी कुरीति को सभी लोगों ने समझा और उसे त्याग दिया। उन्होंने कहा कि सभी जगह पूर्ण रूप से शांति है और पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद है। चंद्र ने कहा, आज इस मजार (सैयद सालार मसूद गाजी की) पर कोई नहीं आ रहा है। इस तथ्य को सभी ने समझा है कि एक आक्रांता की याद में होने वाले वाले आयोजन में शामिल नहीं होना है।'

## न्यूज अपडेट

### मथुरा में करीब तीन करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिला मुख्यालय के कोतवाली इलाके में 'एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (मादक पदार्थ विरोधी कार्यबल)' ने पुलिस के सहयोग से एक कथित तस्कर को मंगलवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 1.62 किग्रा हेरोइन एवं 469 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि आगरा स्थित 'एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ)' की टीम को सूचना मिली कि एक तस्कर मथुरा से बड़ी मात्रा में हेरोइन और स्मैक खरीददारों तक पहुंचाने वाला है जिसके बाद चौकी प्रभारी ने टीम के साथ मिलकर तस्कर को मालगोदाम के पास गिरफ्तार कर लिया। अरविंद कुमार ने बताया कि तस्कर के पास से 1.62 किग्रा हेरोइन एवं 469 ग्राम स्मैक मिली। एसपी के अनुसार तस्कर की पहचान बिहार के जमुई जिले के दौलतपुर गांव के निवासी मौहम्मद गयास अंसारी के रूप में हुई है। अरविंद कुमार के अनुसार बरामद किए गए मादक पदार्थ की बाजार में कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। वह मथुरा में इस खेप की आपूर्ति कर दिल्ली रवाना होने की फिराक में था। पुलिस के मुताबिक वह बिहार से हेरोइन खरीदकर दिल्ली, फरीदाबाद, रोहतक आदि आसपास के इलाकों में बेचता रहा है। इससे पहले वह 40-50 बार इस तरह खेप पहुंचा चुका है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पति को मजदूरी नहीं मिलने से महिला ने 100 फीट उंची निर्माणाधीन टंकी पर चढ़कर किया हंगामा

**एटा (उप्र) :** एटा जिले में बागवाला थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में अपने पति की मजदूरी का भुगतान न होने से नाराज एक महिला मजदूर ने फिल्म 'शोले' की तर्ज पर आत्महत्या का प्रयास करते हुए 100 फीट ऊंची निर्माणाधीन पानी की टंकी पर चढ़कर हंगामा कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि बाद में मजदूरी का भुगतान ठेकेदार द्वारा किये जाने के बाद मामला शांत हो गया। बागवाला थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अखिलेश दीक्षित ने बताया कि मजदूरी का बकाया भुगतान भी कर दिया गया है जिसके बाद महिला अपने घर लौट गयी। सूत्रों ने बताया कि मजदूरी देने में ठेकेदार की बार-बार की आनाकानी से परेशान होकर एक मजदूर की पत्नी रेखा ने 100 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़कर जान देने की धमकी दी। सूत्रों के मुताबिक महिला को 100 फीट उंची टंकी पर देख ग्रामीणों और प्रधान ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन रेखा नीचे कूदने पर आमादा थी। आक्रोशित महिला को काफी समझाने बुझाने के बाद प्रधान और ग्रामीणों ने ठेकेदार को मौके पर बुलाया। ठेकेदार ने महिला के पति रामरतन को उनकी बकाया मजदूरी 35 हजार रुपये का भुगतान किया। इसके बाद काफी समझाने-बुझाने पर रेखा नीचे उतरी।

### दस लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** पुलिस ने जिले के दोकटी क्षेत्र में अवैध रूप से बिहार ले जाई जा रही 10 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को दोकटी पुलिस को शिवपुर की ओर से नदी के रास्ते अवैध रूप से शराब बिहार ले जाए जाने की सूचना मिली थी। कुरैशी के अनुसार, इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शिवपुर से 100 मीटर पहले तलाशी शुरू की। तभी एक वाहन आता दिखा, जिसे रोकने की कोशिश पर चालक ने गाड़ी रोककर भागने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम सोनू बहेलिया बताया और उसके वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 200 पेटियों में रखी 1,728 लीटर अंग्रेजी शराब मिली, इसकी कीमत 10 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि इस मामले में दोकटी थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 60(1)/63 के तहत मामला दर्ज किया गया है और गिरफ्तार शराब तस्कर को विधिक कार्यवाही पूरी कर जेल भेज दिया गया है।



## तीन सिर

परशुराम बंसल

राजा विक्रमादित्य ने अपने दरबार के प्रबुद्ध लोगों को इकट्ठा किया। उनके सम्मुख तीन कटे हुए सिर रखे थे। उपस्थित विद्वानों से राजा का प्रश्न था-ये तीन कटे हुए सिर हैं। इन सबकी अलग-अलग विशेषताएं हैं। आपको इनका मूल्यांकन करना है। है कोई जो आकर इसका समाधान करे?

सुनकर दरबार में सन्नाटा छा गया। सब गुमसुम से सिर झुकाये बैठे रहे। किसी को इस विषय में कुछ ज्ञान हो तो बताये भी। कोई अपने स्थान से नहीं उठा। राजा दरबारियों की चुप्पी का अर्थ समझ गये।

अंत में उन्होंने राजपुरोहित को बुलाया और कहा-'पुरोहित जी, आप मुझे चार दिनों के भीतर इन सिरों का मूल्यांकन करके बतायें। सही मूल्य बताने पर आपको मुंहमांगा पुरस्कार मिलेगा अन्यथा आप दंड के भागी होंगे।'

राजपुरोहित क्या बोलते, वे राजा का आदेश सुनकर चिंतित मुद्रा में घर लौट आये। उन्हें सिरों के विषय में कुछ सुझाई नहीं पड़ रहा था। तीनों कटे सिर एक जैसे ही थे। सोच और चिंता के कारण रात्रि भोजन भी नहीं किया। अस्वस्थ होने का बहाना बनाकर अपने कमरे में आकर लेट गये।

पंडिताइन बड़ी बुद्धिमान स्त्री थी। तंत्रा मंत्रा और धर्मशास्त्रों का उसे भरपूर ज्ञान था। उन्होंने पति से अशान्ति का कारण पूछा तो पुरोहित ने पत्नी को राजा द्वारा पूछा गया प्रश्न और उनके आदेश से अवगत कराया। सुनकर पंडिताइन बोली-स्वामी, चिंता करने की क्या बात है, हमारे पास चार दिन का समय है। आप तीनों सिरों को यहां मंगवा लीजिये। हो सकता है, मैं आपकी कुछ सहायता कर सकूं।

पुरोहित ने राजा विक्रमादित्य की आज्ञा लेकर तीनों सिर अपने घर ले आया। पंडिताइन ने एकान्त में उनका निरीक्षण किया। प्रयोग किये। प्रयत्न करते करते अंत में पंडिताइन को राजा के प्रश्न का हल मिल ही गया। उसने पति से कहा - अब आप चिंता त्याग दीजिये। चार दिनों के बाद मैं आपके साथ राजदरबार में चलूंगी और राजा के प्रश्न का उत्तर दूंगी।

चार दिन के बाद।

राजा विक्रमादित्य का दरबार लगा लगा हुआ था। काफी भीड़ भाड़ थी। लोग यह जानने के लिये उत्सुक थे कि पुरोहित की पत्नी सिरों का मूल्य कैसे निर्धारित करती हैं? तीनों सिर उपस्थित जनों के मध्य रखे हुये थे।


पंडिताइन एक चांदी की लंबी सी सींक हाथ में पकड़े हुए थी। सब उस ओर चुपचाप टकटकी लगाये देख रहे थे। पंडिताइन ने चांदी की सींक को पहले सिर के कान में डाला और आगे की ओर सरकाया। सींक कान से आंख, नाक और मुंह मार्ग से होते हुए बाहर निकल आई।

पंडिताइन ने राजा को संबोधित करते हुए कहा- महाराज, यह सिर किसी ऐसे व्यक्ति का है जो बिलकुल भी भरोसा करने के लायक नहीं था, इसलिये ऐसे सिर का मूल्य दो कौड़ी का भी नहीं।

फिर पंडिताइन ने दूसरे सिर के कान में सींक डाली। वह केवल मुंह के रास्ते से बाहर आ गई। पंडिताइन ने बताया - महाराज, यह सिर ऐसे व्यक्ति का है जो कान का कच्चा था। इसका मूल्य एक हजार आंका जा सकता है।

तीसरे सिर के कान में सींक डाली तो वह कान में ही अटक कर रह गई, आगे नहीं बढ़ी। पंडिताइन ने कहा - महाराज, जिस व्यक्ति का यह सिर है।' वह चिन्तनशील और गंभीर स्वभाव का रहा होगा, इसलिये यह सिर सबसे मूल्यवान है।

राजा विक्रमादित्य पंडिताइन की बुद्धिमता से अति प्रसन्न हुए। दरबारियों ने भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। पंडिताइन को हीरे, मोती और स्वर्णमुद्राओं से सम्मानित किया गया। (उर्वशी)



## श्रमशीलता की सीख

विद्वान चीरिय भगवान बुद्ध के परमप्रिय शिष्यों में से थे। उनकी विद्वता, वाक्पटुता तथा प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण उन्हें बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिये देश-विदेश की यात्रा पर भेजा गया था। उनके उपदेशों का जनसाधारण के मानस पर गहरा प्रभाव पड़ा और हर स्थान पर उनका असाधारण स्वागत-सत्कार किया गया।

इतना मान-सम्मान प्राप्त होने के कारण चीरिय अपने आपको संघ का एक वरिष्ठ और विशेष व्यक्ति मानने लगे। इस कारण उनमें अहंकार समा गया और वे स्वयं को असाधारण समझने लगे।

देश विदेश श्रमण के बाद वे जैतवन आश्रम में आये। उन दिनों वहां के आश्रम की व्यवस्था का कार्य अनाथ पिंडक को सौंपा हुआ था। अतः वे ही आश्रम का सारा कार्य संभालते थे। लम्बी यात्रा के कारण चीरिय थके-मांदे थे, इसलिये अनाथ पिंडक ने उस दिन उनके पूर्ण विश्राम की व्यवस्था की।

अगले दिन अनाथपिंडक ने चीरिय के हाथ में कुल्हाड़ी थमाते हुए आश्रम के लिये वन से लकड़ियां काट कर लाने के लिये कहा।

भीतर समाये अहंकार और बड़प्पन के कारण चीरिय को अनाथपिंडक का आदेश कतई नहीं भाया। उन्होंने इसे अपना अपमान माना। इतने बड़े विद्वान को इतना तुच्छ काम? उन्होंने अनाथपिंडक को लकड़ी काटकर लाने के कार्य को करने के लिये स्पष्ट इन्कार कर दिया। तब अनाथ पिंडक ने कहा-'आश्रम के नियमानुसार तो आपको यह सब करना ही पड़ेगा अन्यथा आप आश्रम में नहीं रह सकेंगे।'



अनुशासन पालन न करने का दूसरा विकल्प यही था कि वहां से विदा ली जाये, इसलिये चीरिय ने कहा-ठीक है, मैं यहां नहीं रहूंगा। अभी, इसी समय मैं तथागत के पास श्रावस्ती जाऊंगा।'' कहकर वे वहां से श्रावस्ती की ओर चल पड़े।

चीरिय श्रावस्ती पहुंचे। वे जल्दी से जल्दी तथागत् से मिलने को उत्सुक थे किन्तु दुर्भाग्य से उस समय बुद्ध आश्रम में थे नहीं। पता चला कि तथागत् तो भिक्षा के लिये गये हुए हैं। बैठकर प्रतीक्षा करने का सब्र उनमें नहीं था। तथागत् भिक्षा के लिये गये थे।

काफी रास्ता चलने के बाद उन्होंने देखा कि तथागत् भिक्षा लेकर लौट रहे थे। उनके दोनों कन्धों पर बड़े-बड़े झोले लटके हुए थे। एक झोले में भिक्षा से प्राप्त अन्न भरा हुआ था। दूसरे झोले में तथागत राह में पड़े हुए उपले इकट्ठे करके उसमें भरते आ रहे थे। काफी भार था। उनका शरीर पसीने-पसीने हो रहा था।

चीरिय ने भगवान् बुद्ध की श्रमशीलता और निरहंकारता को देखा तो स्वयं पर लज्जा से पानी हो उठे। उन्होंने मन ही मन सोचा कि अभी तक भी वह तथागत् का सच्चा अनुयायी नहीं बन सका।

उसने प्रण किया कि आज के पश्चात् किसी भी कार्य को छोटा नहीं समझेगा और अहमन्यता को पास भी फटकने नहीं देगा। (उर्वशी)

## सोने की चिड़िया

एक नगर में राजा भीमसेन राज करते थे। उनके एक प्यारी सी राजकुमारी थी। ब्रजबाला। राजा अपनी बेटी से बहुत प्यार करते थे। एक दिन वे अपने महल के बाग में घूम रहे थे। तभी उन्हें एक चिड़िया दिखाई दी। राजा उस चिड़िया के पास गये तो देखा वह सोने की तरह चमक रही थी।

राजा: अरे यह कैसी चिड़िया है मैंने तो ऐसी चिड़िया पहले कभी नहीं देखी।

चिड़िया: राजा मैं सोने की चिड़िया हूं।

यह सुनकर राजा सोच में पड़ गये कि सोने की चिड़िया इंसानों की आवाज में बात कर रही है।

राजा: अरे चिड़िया तू इंसानों की आवाज में कैसे बात कर रही है।

चिड़िया: मैं दूर पहाड़ के पीछे से आई हूं। वहां सब मेरी जैसी सोने की चिड़ियां रहती हैं। मैं उड़ते उड़ते यहां तक आ गई। अब मैं थक गई हूं। कुछ देर आराम करके चली जाउंगी।

राजा: रूको चिड़िया क्या तुम मेरे महल में रह सकती हों। मेरी बेटी तुम्हें देख कर बहुत खुश हो जायेगी।

चिड़िया: ठीक है लेकिन मेरी एक शर्त है। जब तक मेरा मन करेगा मैं यहां रहूंगी। जब मैं जाना चाहूंगी मुझे जाने दोगे।

राजा मान जाता है। वह अपनी उंगली पर बैठा कर उस सोने की चिड़िया को अपनी बेटी ब्रजबाला को देता है। ब्रजबाला उसे देख कर बहुत खुश होती है।

ब्रजबाला उस चिड़िया को बहुत प्यार से रखने लगती है। दोंनो बहुत देर तक बात करती रहती थीं। इसी तरह कुछ दिन बीत गये।

एक दिन चिड़िया रो रही थी।

ब्रजबाला: क्या हुआ चिड़िया रानी तुम रो क्यों रही हों।

चिड़िया: मुझे अपने घरवालों की याद आ रही है अब मैं जाना चाहती हूं।

यह सुनकर ब्रजबाला अपने पिता के पास गई उसे सारी बात बताई।

ब्रजबाला: पिताजी इसे रोक लो मैं इसके बिना नहीं रह सकती।

राजा अपनी बेटी की बातों में आ गया। उसने चिड़िया से रुकने के लिये कहा लेकिन वह नहीं मानी। उसने राजा को उसका वचन याद दिलाया।

राजा: मैं अपनी बेटी की खुशी के लिये कुछ भी कर सकता हूं। अगर तुम अपनी मर्जी से नहीं रुकीं तो मैं तुम्हें पिंजरे में कैद कर लूंगा।

चिड़िया: तुमने वचन दिया था अब तुम अपने वचन से मुकर रहे हो अब मैं यहां एक पल भी नहीं रुक सकती।

चिड़िया उड़ कर चली गई राजा उसे पकड़ न सका।

यह देख कर ब्रजबाला बेहोश हो गई। राजवैद्य को बुलाया गया। बहुत मुश्किल से ब्रजबाला को होश आया। लेकिन वह न किसी से बात कर रही थी न कुछ खा रही थी। यह देखकर राजा बहुत परेशान हो गया। उसने पूरे राज्य में ऐलान कर दिया कि जो कोई सोने की चिड़िया लायेगा। उसे बहुत सारा ईनाम दिया जायेगा।



ऐलान सुनकर बहुत से लोगों ने उस पहाड़ी के पीछे जाने की कोशिश की लेकिन कोई वहां तक पहुंच नहीं सका।

इधर ब्रजबाला की हालत बिगड़ती जा रही थी।

एक दिन रात के समय राजा अपने महल की खिड़की के पास खड़े होकर रो रहा था।

राजा: काश मैंने वह चिड़िया अपनी बेटी को न दी होती। काश मैंने उस चिड़िया को कैद करने की कोशिश न की होती तो वह रुक जाती।

कुछ देर बाद उसे खिड़की पर वही चिड़िया बैठी दिखाई दी।

चिड़िया: क्यों राजा क्या हुआ अपनी पूरी ताकत लगा कर भी मुझे नहीं ला पाये।

राजा: चिड़िया रानी मुझे माफ कर दो मेरी बेटी को बचा लो।

चिड़िया उड़ कर ब्रजबाला के पास पहुंच जाती है।

चिड़िया को देख कर ब्रजबाला बहुत खुश होती है।

चिड़िया कुछ दिन वहीं रहने लगती है। जब ब्रजबाला पूरी तरह से ठीक हो जाती है। तो चिड़िया जाने के लिये कहती है।

चिड़िया: ब्रजबाला मुझे जाने दो मेरा परिवार मेरा इंतजार कर रहा होगा। जब तुम मुझे याद करोंगी मैं आ जाउंगीं

ब्रजबाला मान जाती है।

राजा: तुम्हारा उपकार मैं कभी नहीं भूल सकता।

चिड़िया: एक बात याद रखना कभी भी किसी को छोटा नहीं समझना।

यह कहकर चिड़िया उड़ जाती है। इसके बाद जब भी ब्रजबाला उसे याद करती वह आ जाती थी।

न्यूज इन ब्रीफ

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए आवंटित 858 करोड़ रुपये का नहीं हो सका उपयोग : संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति ने कहा है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए 2024-25 में 858 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन का केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के अभाव में उपयोग नहीं हो सका है। संसद में मंगलवार को पेश रिपोर्ट में, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी स्थायी समिति ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है, जिससे न केवल दिल्ली बल्कि कई अन्य शहर भी प्रभावित हो रहे हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य भुवनेश्वर कालिता की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय समिति ने कहा, ''ऐसी स्थिति में समिति यह देखकर हैरत में है कि 'प्रदूषण नियंत्रण' के लिए आवंटित 858 करोड़ रुपये, जो मंत्रालय के वार्षिक संशोधित आवंटन का 27.44 प्रतिशत है, का उपयोग नहीं हो सका क्योंकि 2025-26 तक प्रदूषण नियंत्रण योजना को जारी रखने के लिए मंजूरी का इंतजार है।''

### कठुआ में आतंकवादियों की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान तीसरे दिन भी जारी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के जंगली इलाके में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए मंगलवार को तीसरे दिन भी व्यापक अभियान जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में यह अभियान रविवार शाम को हीरानगर सेक्टर में सुरक्षाबलों और एक पौधशाला में छिपे आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद शुरू किया गया था। सुरक्षाबल अपने द्वारा घेरे गए इलाके में मंगलवार सुबह जब अंदर की ओर बढ़े तो गोलियों की आवाज सुनाई दी। अधिकारियों ने हालांकि कहा कि यह किसी संदिग्ध गतिविधि को देखने पर सेना के जवानों द्वारा की गई गोलीबारी थी। अधिकारियों ने बताया कि सेना हेलीकॉप्टर से भी इलाके पर नजर रख रही है। इस बीच, भारी हथियारों से लैस कमांडो, श्वान दस्ते, ड्रोन और मानव रहित हवाई यान सहित सेना की संयुक्त टुकड़ियां इलाके में छिपे आतंकवादियों की तलाश जारी रखे हुए हैं।

### करीब 47,674 प्रत्यक्ष कर चूककर्ताओं को लापता घोषित किया गया : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि 31 जनवरी 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार करीब 47,674 प्रत्यक्ष कर चूककर्ताओं को लापता घोषित किया गया है और उन पर सरकार का 5.91 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अप्रत्यक्ष करों के मामले में, 31 जनवरी 2025 तक, 60,853 चूककर्ता लापता हैं और उन पर 43,525 करोड़ रुपये का बकाया है। चौधरी ने कहा कि कर चूककर्ताओं से बकाया वसूलने के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा विभिन्न कदम उठाए गए हैं।

## पहली बार दिल्ली को मिला 1 लाख करोड़ रुपये का बजट, किए गए कई बड़े ऐलान



**नई दिल्ली :** 27 साल बाद दिल्ली में लौटी बीजेपी ने मंगलवार को दिल्ली सरकार का पहला बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस बजट को पेश किया और कहा कि पहली बार दिल्ली का बजट 1 लाख करोड़ रुपये का है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि 2023 में दिल्ली का बजट 78 हजार 800 करोड़ रुपये था, जो 2024-25 में घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रुपये ही रह गया था और इस वजह से वो दिल्ली के लिए सबसे खराब स्थिति थी। हालांकि, इस साल पहली बार दिल्ली को 1 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है और इसे ऐतिहासिक बताया जा रहा है। इस दौरान सरकारी आमदनी के बारे में बात करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 68,700 रेवेन्यू टैक्स से हासिल किया जाएगा। 750 करोड़ रुपये नॉन टैक्स, 15,000 करोड़ रुपये लघु अवधि कर्ज, 1 हजार करोड़ रुपये सड़क निधि से आएंगे। 4,128 केंद्र सरकार की योजनाओं से आएंगे और 7,341 करोड़ रुपये केंद्र सरकार से मदद के रूप में लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के विकास के लिए हमने 10 सेक्टरों की पहचान की है। इसमें बेसिक सुविधाओं के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी फोकस किया जाएगा। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के लिए बजट में 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं 5100 करोड़ रुपये महिला समृद्धि योजना के लिए हैं, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए जाएंगे ताकि दिल्ली एनसीआर की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए 50 हजार अतिरिक्त कैमरें भी लगाए जाएंगे। आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू किया जाएगा, जिसके तहत 10 लाख रुपये का फ्री इलाज होगा और जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा दिया जाएगा।

## पानीपत की लड़ाई मराठों की हार का नहीं, बल्कि बहादुरी का प्रतीक : फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में कहा कि पानीपत की तीसरी लड़ाई मराठों की हार का नहीं, बल्कि उनकी बहादुरी का प्रतीक है। 'अंतिम सम्राट के प्रस्ताव' पर विपक्ष की ओर से शुरू की गई चर्चा का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के आगरा में 'शिव स्मारक' (छत्रपति शिवाजी महाराज का स्मारक) का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पानीपत में भी एक स्मारक बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जहां 1761 में मराठों और (अफगान शासक) अहमद शाह अब्दाली के बीच पानीपत की तीसरी लड़ाई लड़ी गई थी। इस पर विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-सपा) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने पूछा कि पानीपत में स्मारक क्यों बनाया जा रहा है, जहां अब्दाली ने मराठों को हराया था। आव्हाड ने कहा, पानीपत हमारी वीरता का प्रतीक नहीं है। यह मुझे हार की याद दिलाएगा। यहां अहमद शाह अब्दाली और (मराठा सेनापति) सदाशिवराव भाऊ के बीच युद्ध हुआ था। दुनिया में पराजय के लिए कोई स्मारक नहीं है। इस पर फडणवीस ने कहा, ''पानीपत की लड़ाई मराठों की हार का नहीं, बल्कि बहादुरी का प्रतीक है।'' ऐतिहासिक लड़ाई के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मराठों की वीरता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बादशाह मराठों को 'चौथ' (एक तरह का कर) दे रहा था और जब अब्दाली ने दिल्ली पर कब्जा किया, तो उसने (दिल्ली के बादशाह ने) मराठों को पत्र लिखकर दिल्ली को बचाने के लिए आने का आग्रह किया। फडणवीस ने कहा कि मराठा दिल्ली गए और अब्दाली को हराया, जिसके बाद अफगान शासक भाग गया तथा यमुना नदी के किनारे डेरा डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बाद अब्दाली ने मराठों को पत्र लिखकर युद्ध-विराम की पेशकश की और कहा कि पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान को उसका क्षेत्र माना जाए, जबकि देश का बाकी हिस्सा मराठों का रहेगा।

## घाटी में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के प्रयास जारी: जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) नीत सरकार चाहती है कि पंडितों समेत सभी कश्मीरी प्रवासी घाटी में अपने घरों में लौटें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में केंद्र के सहयोग से प्रयास जारी हैं। चौधरी ने विधानसभा में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के विधायक एमवाई तारिगामी के सवाल और बाद में विभिन्न सदस्यों के पूरक सवालों का जवाब देते हुए बताया कि वह 1947 में विभाजन का शिकार हुए परिवार के सदस्य के नाते पलायन के दर्द को पूरी तरह समझते हैं। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार विस्थापित आबादी के लिए जो भी बेहतर होगा, वह करेगी। चौधरी ने कहा, 1990 के दशक में घाटी से पलायन करने वाले कश्मीरी पंडितों के लिए (नेकां अध्यक्ष) फारूक अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल में दर्द है। तारिगामी की चिंता हम सभी की चिंता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस जब भी सत्ता में आई, उनकी (कश्मीरी प्रवासियों की) सम्मानजनक वापसी के लिए कदम उठाए, जबकि केंद्र सरकार ने भी समय-समय पर उनके पुनर्वास के लिए पैकेज की घोषणा की। नेकां सरकार चाहती है कि वे उचित सुरक्षा व्यवस्था के साथ सम्मानपूर्वक अपने घरों में लौटें और इस संबंध में केंद्र सरकार के सहयोग से हमारे प्रयास जारी हैं। चौधरी ने आपदा प्रबंधन, राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण विभाग के प्रभारी मंत्री एवं मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की ओर से जवाब देते हुए कहा कि सरकार अन्य समुदायों से संबंधित प्रवासियों का पुनर्वास भी सुनिश्चित करेगी।

## कामरा ने अपने मजाक पर माफी मांगने से किया इनकार, मुंबई पुलिस ने किया तलब



**मुंबई/नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए कथित रूप से आपत्तिजनक शब्द के इस्तेमाल को लेकर अपने रुख पर अड़िग हास्य कलाकार कुणाल कामरा ने माफी मांगने से इनकार कर दिया। वहीं शिंदे ने कामरा को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की मर्यादा व सीमा बनाए रखने की हिदायत दी और जोर देकर कहा कि वह तोड़फोड़ का समर्थन नहीं करते। कामरा ने मुंबई में कार्यक्रम के दौरान विवादास्पद टिप्पणी से मचे घमासान के बाद सोमवार देर रात को एक पोस्ट में कहा, मैं माफी नहीं मांगूंगा... मैं इस भीड़ से नहीं डरता और मैं अपने बिस्तर के नीचे छिपकर इसके शांत होने का इंतजार नहीं करूंगा। वहीं शिंदे ने कामरा द्वारा उनके बारे में की गई टिप्पणी की तुलना 'सुपारी लेकर किसी के खिलाफ बोलने' से करते हुए कहा कि कटाक्ष करते समय मर्यादा बनाए रखनी चाहिए, अन्यथा क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। मुंबई पुलिस ने कामरा को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 36 वर्षीय कामरा को मानहानि के एक मामले में मुंबई में खार थाने में पेश होने को कहा गया है। कामरा अक्सर सत्ता-विरोधी विचारों के कारण विवादों में रहे हैं। कामरा ने शिवसैनिकों द्वारा स्टूडियो में तोड़फोड़ करने का एक संपादित वीडियो पोस्ट कर अपने रुख को और मजबूत किया। इस वीडियो में स्टूडियो के अंदर शिवसेना के कार्यकर्ताओं को तस्वीरें जलाते हुए देखा जा सकता है। साथ ही वीडियो में कुणाल 'हम होंगे कंगाल, हम होंगे कंगाल एक दिन... मन में अंधविश्वास, देश का सत्यानाश गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कामरा ने अपने 'एक्स' हेडर फोटो पर एक डिस्क्लेमर लगाया है, जिसमें लिखा है 'इस कार्यक्रम में अभद्र भाषा, आपत्तिजनक सामग्री है और यह उन लोगों के लिए अनुपयुक्त है जिनकी भावनाएं आहत हो सकती हैं। अगर आप इसे स्वेच्छा से देख रहे हैं और इस कारण होने वाले किसी भी आक्रोश या चोट के लिए कोई और नहीं बल्कि आप ही जिम्मेदार हैं'।

## यह आरोप निराधार है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है: वित्त मंत्री



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विपक्ष के कई सदस्यों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह बात पूरी तरह निराधार है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है। उन्होंने वित्त विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि कॉरपोरेट कर में कटौती से निवेश में बढ़ोतरी हुई है। उनके जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से वित्त विधेयक को मंजूरी दी। सीतारमण ने कहा, ''यह सच नहीं है कि कॉरपोरेट कर में कटौती से बड़े कारोबारी समूहों को फायदा हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि इससे कई कारोबारी इकाइयों का फायदा हुआ है और निवेश बढ़ाने में भी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि यह आरोप निराधार है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा, ''सबसे अमीर 20 प्रतिशत नागरिक परिवार के स्तर पर 41.4 प्रतिशत जीएसटी का योगदान देते हैं जो कुल जीएसटी का 14.2 फीसदी है, जबकि नीचे के 50 प्रतिशत लोग 28 प्रतिशत जीएसटी का योगदान देते हैं जो कुल जीएसटी का 9.6 फीसदी है। इसलिए यह दलील गलत है कि जीएसटी प्रगतिशील नहीं है।'' उनके मुताबिक, सबसे गरीब 50 फीसदी लोगों को 7.3 फीसदी औसत प्रभावी दर का सामना करना पड़ता है, जबकि जीएसटी से पहले की व्यवस्था में ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद एक संवैधानिक संस्था है और वित्त मंत्रियों का समूह जीएसटी की दरों पर फैसला करता है। सीतारमण ने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरजाघर और दरगाह जीएसटी से पूरी तरह मुक्त हैं।

## विश्व गुरू तो भारत ही होगा : धनखड़



**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में मंगलवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने विश्वास जताया कि विश्व गुरू तो भारत ही होगा। शून्यकाल के दौरान उच्च सदन में आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कृत्रिम मेधा यानी आर्टीफीशियल इंटेलिजेन्स का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत की बड़ी आबादी एआई के कार्यबल का हिस्सा है फिर भी इस क्षेत्र में भारत को जितनी प्रगति करनी चाहिए थी, वह नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व गुरू वह होगा जिसके पास एआई की ताकत होगी इसलिए भारत को 'मेक इन इंडिया' के साथ साथ 'मेक एआई इन इंडिया' के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। इस पर सभापति धनखड़ ने मुस्कुराते हुए कहा ''विश्व गुरु तो भारत ही होगा।'' राघव चड्ढा ने कहा कि आज का दौर एआई की क्रांति का युग है और अमेरिका के पास अपने चैटजीपीटी, जेमिनी, एन्थ्रॉपिक ग्रॉक जैसे मॉडल हैं वहीं चीन ने डीपसीक जैसा सबसे ज्यादा क्षमता वाला तथा सबसे कम लागत से बना एआई मॉडल तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एवं चीन के पास अपने अपने स्वदेशी मॉडल हैं लेकिन भारत कहां है, उसका अपना जनरेटिव एआई मॉडल कहां है? चड्ढा ने कहा कि वर्ष 2010 से 2022 तक दुनिया में जितने पेटेंट पंजीकृत हुए उनका 60 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका ने और 20 फीसदी हिस्सा चीन ने हासिल किया वहीं भारत ने मात्र आधा प्रतिशत ही हासिल किया। आप सदस्य ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन ने पिछले चार पांच साल में एआई पर खासी रिसर्च की और उसमें निवेश तथा प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि कुल एआई कार्य बल का 15 फीसदी हिस्सा भारतीय हैं। ''भारत के पास प्रतिभा है, मेहनती लोग हैं, ब्रेन पॉवर है, डिजिटल अर्थव्यवस्था है, हमारे यहां 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपभोक्ता हैं। फिर भी वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर एआई के संदर्भ में नजर रहीं आता। वह एआई उत्पादक बनने के बजाय एआई उपभोक्ता बन गया है।''

## रेलवे बोर्ड ने यातायात व वाणिज्यिक विभाग के संवेदनशील पदों की पहचान की

### कार्यकाल तीन वर्ष तक सीमित

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने सभी 17 रेलवे जोन में यातायात परिवहन और वाणिज्यिक विभाग के कुछ राजपत्रित और अराजपत्रित पदों की पहचान की है और उनके कार्यकाल को तीन साल तक सीमित कर दिया है। बोर्ड ने हाल ही में रेलवे जोन के सभी महाप्रबंधकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा, ''पीसीओएम (प्रमुख वाणिज्यिक परिचालन प्रबंधक) के सचिव और पीसीसीएम (प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक) के काम की प्रकृति संवेदनशील है और इन पदों पर तैनात अधिकारियों की निष्ठा बेदाग होनी चाहिए।'' इसमें कहा गया है, ''ऐसे अधिकारियों का कुल कार्यकाल तीन साल तक सीमित होना चाहिए।'' बोर्ड ने पीसीओएम के यातायात निरीक्षक और पीसी-सीएम के वाणिज्यिक निरीक्षक के रूप में (औपचारिक या अनौपचारिक रूप से) काम करने वाले अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए नियमित आवर्तन (रोटेशन) का निर्देश दिया, क्योंकि ऐसे अधिकारी महत्वपूर्ण मामलों में सहायता करते हैं। परिपत्र में कहा गया है, ''वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के यातायात निरीक्षक और डीआरडीसीएम (वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक) के वाणिज्यिक निरीक्षक के रूप में (औपचारिक या अनौपचारिक रूप से) काम करने वाले गैर-राजपत्रित कर्मचारियों को भी रोटेट किया जाना चाहिए तथा कार्यकाल तीन साल तक सीमित होना चाहिए।''

## नागपुर में 17 मार्च की हिंसा के मामले में अब तक 114 लोग गिरफ्तार: पुलिस आयुक्त

**नागपुर :** नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के सिलसिले में 114 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। नागपुर के पुलिस आयुक्त रविंदर सिंघल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि पुलिस हिंसा के समय प्रसारित की गई सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर रही है और उन्हें अपलोड करने में शामिल कुछ लोगों की पहचान की गई है। अधिकारियों के अनुसार, छत्रपति संभाजीनगर में मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विहिप के विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी 'चादर' जलाए जाने की निराधार अफवाह फैलने पर 17 मार्च को नागपुर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी हुई। हिंसा में पुलिस उपायुक्त स्तर के तीन अधिकारियों सहित 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हिंसा के बाद शहर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया था। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सिंघल ने कहा, ''हिंसा के लिए कम से कम 13 मामले दर्ज किए गए हैं और 114 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है।''

## आईआरसीटीसी मामला: लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव का आरोपों से इनकार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके पुत्र तेजस्वी यादव ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा अपने खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार समेत अन्य आरोपों से इनकार किया। तीनों ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने के बारे में बहस के दौरान यह दलीलें दीं। आरोपों में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार शामिल है, जिसके लिए अधिकतम सात साल के जेल की सजा हो सकती है। तीनों ने अपने वकील के माध्यम से अदालत के समक्ष दावा किया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पास मामले में उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सबूतों की कमी है। मामले की सुनवाई बुधवार को फिर से शुरू होगी और न्यायाधीश ने जांच अधिकारी (आईओ) को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा, ''आरोपी संख्या एक से चार (लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी) की ओर से आरोप के पहलू पर आगे की दलीलें सुनी गई हैं।

## ओडिशा विधानसभा: सदन में 'अनुशासनहीनता' के आरोप में कांग्रेस के 12 विधायक सात दिन के लिए निलंबित



**भुवनेश्वर :** ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने कांग्रेस के 12 विधायकों को सदन में ''अनुशासनहीनता'' के आरोप में मंगलवार को सात दिन के लिए निलंबित कर दिया। कांग्रेस विधायकों के खिलाफ यह कार्रवाई सदन में सरकारी मुख्य सचेतक सरोज प्रधान द्वारा पेश प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के बाद की गई। निलंबित विधायकों में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता राम चंद्र कदम, सागर चरण दास, मंगू खिल्ला, सत्यजीत गोमांगो, अशोक कुमार दास, दशरथी गामांगो और सोफिया फिरदौस शामिल हैं। जैसे ही पाढ़ी ने यह फैसला सुनाया, कांग्रेस सदस्यों ने विरोध स्वरूप घंटा-घड़ियाल बजाते हुए विधानसभा में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पहले शाम 4.19 बजे तक और फिर और 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

## कामरा का कटाक्ष 'सुपारी' लेकर किसी के खिलाफ बोलने जैसा है: शिंदे

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हास्य कलाकार कुणाल कामरा द्वारा उनके बारे में की गई टिप्पणी की तुलना ''सुपारी लेकर किसी के खिलाफ बोलने'' से करते हुए कहा कि कटाक्ष करते समय मर्यादा बनाए रखनी चाहिए, अन्यथा क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। शिंदे ने सोमवार को कामरा की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। 'स्टैंड-अप कॉमेडियन' कामरा (36) ने अपने 'शो' में शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष करके महाराष्ट्र में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। शिवसेना नेता ने कहा कि वह इस बात पर ध्यान नहीं देते कि कौन क्या कहता है, बल्कि उनका काम ही उनके लिए बोलता है। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुंबई में खार क्षेत्र स्थित 'हैबिटेट कॉमेडी क्लब' में कथित रूप से तोड़फोड़ की थी, जहां कामरा का कार्यक्रम शूट किया गया था। इस कार्यक्रम में कामरा ने शिंदे पर ''गद्दार'' शब्द के जरिये कटाक्ष किया था।

## पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन में क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा : अमित शाह



**नयी दिल्ली :** आपदा प्रबंधन में आर्थिक सहायता देने में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में दावा किया कि पिछले दस साल में भारत आपदा प्रबंधन के मामले में राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरा है तथा इसे दुनिया भी यह स्वीकार कर रही है। उच्च सदन में शाह ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इसमें सत्ता के केंद्रीयकरण का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के बारे में इस विधेयक में न केवल प्रतिक्रियात्मक रवैया अपनाने बल्कि पहले से तैयारी करने, अभिनव प्रयासों वाले और सभी की भागीदारी वाले रवैये को अपनाने पर जोर दिया गया है। गृह मंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने सरकारी संशोधनों के साथ इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके साथ ही सदन ने विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश संशोधनों को खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा के जोखिमों को घटाने के लिए विश्व के समक्ष जो 10 सूत्री एजेंडा रखा है, उसे 40 देशों ने अपना लिया है और उसका पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधयक में न केवल राज्य सरकारों बल्कि आम लोगों की भागीदारी का प्रावधान किया गया है। शाह ने कहा, ''पिछले दस सालों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिवर्तन आया है, हम राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक ताकत बनकर उभरे हैं, यह पूरी दुनिया स्वीकार करती है। भारत की सफलता गाथा को लंबे समय तक बनाये रखने के लिए यह विधेयक लाया गया है।'' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सफलता गाथा सरकार की नहीं, बल्कि पूरे देश की है। शाह ने कहा कि आपदा प्रबंधन की लड़ाई संस्थाओं को अधिकार संपन्न बनाने के साथ-साथ जवाबदेह बनाये बिना नहीं लड़ी जा सकती है।

### 'पीएम केयर्स फंड' संप्रग के प्रधानमंत्री राहत कोष से अधिक पारदर्शी

राज्यसभा में मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उसमें जवाबदेही एवं पारदर्शिता की कमी थी। उच्च सदन में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष संप्रग के दौर में बनाया गया था, जबकि 'पीएम-केयर्स फंड' की स्थापना राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान की गई थी। गृह मंत्री ने कहा, ''कांग्रेस के शासन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष पर सिर्फ एक परिवार का नियंत्रण था। कांग्रेस अध्यक्ष प्रधानमंत्री राहत कोष के सदस्य होते थे। आप इस देश के लोगों को क्या जवाब देंगे?''

## संसद ने बायलर विधेयक, 2024 को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** संसद ने मंगलवार को बायलर विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी जिसके तहत जीवन और संपत्ति की सुरक्षा से संबंधित 1923 के मूल कानून में आवश्यक सुधार और प्रावधानों का सरलीकरण किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब दिया जिसके बाद निचले सदन में इसे ध्वनिमत से मंजूरी दी गई। पिछले साल शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को राज्यसभा ने मंजूरी दी थी। चर्चा का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि इस विधेयक में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है और 1923 के मूल कानून में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि हमें गुलामी की मानसिकता से निकलना चाहिए।

## दिशा सालियान के पिता ने आदित्य ठाकरे, अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की

**मुंबई :** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने मंगलवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त (जेसीपी) को एक शिकायत सौंपकर 2020 में अपनी बेटी की मौत के सिलसिले में शिवसेना (उबाठा) विधायक आदित्य ठाकरे और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। सालियान ने अपने वकील के साथ दक्षिण मुंबई में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) के कार्यालय का दौरा किया। इससे कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी बेटी की जून 2020 में हुई मौत की परिस्थितियों की नये सिरे से जांच कराने के अनुरोध के साथ बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में सालियान ने कहा है कि दिशा के साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। मामले में कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाने के लिए राजनीतिक रूप से साजिश रची गई। याचिका में आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का अनुरोध किया गया है। इस पर अप्रैल के पहले सप्ताह में सुनवाई होने की संभावना है। वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा है कि वह अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब अदालत में देंगे। जेसीपी को लिखित शिकायत सौंपने के बाद सालियान ने संवाददाताओं से कहा, मुझे अपनी बेटी के लिए न्याय की उम्मीद है। मैं अभी कुछ नहीं बोलूंगा। सालियान के वकील ने कहा कि आदित्य ठाकरे और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए मुंबई पुलिस को एक लिखित शिकायत सौंपी गई है।

## भारत और बांग्लादेश ने 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में गोलरहित ड्रॉ खेला



**शिलांग :** भारत जैसी शुरूआत की उम्मीद कर रहा था, वैसी नहीं कर पाया और उसने मंगलवार को यहां 2027 एएफसी एशियाई कप के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोल रहित ड्रॉ खेला। बांग्लादेश पहले हाफ में थोड़ी बेहतर थी लेकिन उसे कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला, उसने इस दौरान थोड़े अधिक आक्रामक मूव और कॉर्नर किक हासिल किए। लेकिन भारत ने अगले 45 मिनट में काफी बेहतर प्रदर्शन किया जिससे बांग्लादेश पर काफी दबाव बढ़ गया, लेकिन मौके बहुत कम थे। भारत के गोलकीपर विशाल कैथ ने 12वें मिनट में गलती कर दी और उन्होंने गेंद को विपक्षी खिलाड़ी की ओर मार दी। मोहम्मद रिदोय ने मौके का फायदा उठाते हुए डिफ्लेक्शन से गेंद को खुले नेट में भेज दिया लेकिन सुभाषिश बोस गोल लाइन पर इसे रोकने में सफल रहे। भारत को सबसे अच्छा मौका 31वें मिनट में मिला, लेकिन लिस्टन कोलाको के क्रॉस पर उदांता सिंह का हेडर बांग्लादेश के गोलकीपर मितुल मार्मा को चकमा देने में विफल रहा।

# पंजाब ने गुजरात को 11 रन से हराया

## साई सुदर्शन और जोस बटलर की मेहनत पर फिरा पानी

**अहमदाबाद :** डेथ ओवर्स में अर्शदीप सिंह और विजयकुमार विशक की घातक गेंदबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। सोमवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह की 81* रनों की साझेदारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 243 रन बनाए। यह पंजाब का आईपीएल में दूसरा सबसे बड़ा टोटल है। पिछले सत्र में पंजाब ने केकेआर के खिलाफ 262/2 का स्कोर बनाया था। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 232 रन ही बना सकी।



244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात को कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। मैक्सवेल ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में गिल को प्रियांश आर्या के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 14 गेंदों में 33 रन बनाए। इसके बाद मोर्चा जोस बटलर और साई सुदर्शन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई, जिसे अर्शदीप सिंह ने तोड़ा। उन्होंने शतक की ओर बढ़ रहे सलामी बल्लेबाज सुदर्शन को 74 रन के निजी स्कोर पर रोका। इस मैच में बटलर ने 54, रदरफोर्ड ने 46, राहुल तेवतिया ने छह रन बनाए। वहीं, शाहरुख खान और अरशद खान क्रमश: छह और एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके जबकि मार्को यानसेन और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली।

## न्यूज अपडेट

### जय शाह ने फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने हाल में यूनान के कोस्टा नवारिनो में 144वें आईओसी सत्र के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो से मुलाकात की। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था के प्रमुख इन्फेंटिनो ने इंस्टाग्राम पर इस मुलाकात के बारे में पोस्ट किया। इन्फेंटिनो ने लिखा, 'आईसीसी के अध्यक्ष और शानदार प्रशासक जय शाह से मिलकर खुशी हुई। 2023 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान भारत का दौरा करने के बाद मैं क्रिकेट के प्रति वहां के लोगों के जुनून और खेल को आगे बढ़ाने के लिए जय शाह द्वारा किए गए शानदार काम से वाकिफ हूं।' उन्होंने लिखा, 'मैं आपको शुभकामनाएं देता हूं और क्रिकेट को और भी वैश्विक बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने और सहयोग करने के लिए तत्पर हूं।' जनवरी में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव शाह ने स्विट्जरलैंड के लुसाने में निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी जिसमें सहयोग और ओलंपिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लास एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने के लिए प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई थी। बाक का 12 वर्ष का कार्यकाल आधिकारिक रूप से 23 जून को समाप्त होगा जिसके बाद क्रिस्टी कोवेंट्री उनकी जगह लेंगी।

### राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल जीते

**रांची :** ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के छठे दिन अपने मुकाबले जीत लिए। ओडिशा ने निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी के बाद शूट-आउट में मिजोरम को 2-0 से हराया जबकि महाराष्ट्र ने मणिपुर को 4-0 से पराजित किया। एक अन्य मैच में बंगाल ने मध्य प्रदेश पर 1-0 की मामूली जीत हासिल की।

### एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप: सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक के लिए खेलेंगे सुनील कुमार

अम्मान (जोर्डन) : भारतीय पहलवान सुनील कुमार मंगलवार को एशियाई चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक के लिए चीन के जियाक्सिन हुआंग से भिड़ेंगे। सुनील ने 2019 में रजत पदक जीता था। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखाएव पर 10-1 से जीत दर्ज की थी। उन्होंने अपने सभी अंक दूसरे पीरियड में बनाए। ईरान के यासीन याजदी ने सेमीफाइनल में सुनील पर 3-1 से जीत दर्ज करके 87 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। सागर ठाकरान ने 77 किग्रा वर्ग का क्वालीफिकेशन मुकाबला जीता लेकिन क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के अमरो सादेह से 10-0 से हार गए। हार के बाद सागर की किस्मत का फैसला उनके प्रतिद्वंद्वी के सेमीफाइनल के नतीजों पर निर्भर होगा। उमेश (63 किग्रा) क्वालीफिकेशन में हार गए, लेकिन अगर उनके प्रतिद्वंद्वी ने बाद में सेमीफाइनल जीत लिया तो उन्हें रे-पेशाज का मौका मिल सकता है।

## भारत को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में मुश्किल ड्रॉ

**निंगबो (चीन) :** लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को चुनौतीपूर्ण ड्रॉ मिला जिसमें शुरुआती दौर में कई कड़े प्रतिद्वंद्वी उनके सामने होंगे। यह 500,000 अमेरिकी डॉलर की व्यक्तिगत प्रतियोगिता यहां आठ से 13 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के ली चिया-हाओ के खिलाफ करेंगे जो इस महीने की शुरुआत में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे। चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बाद एचएस प्रणय अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है, वह अपने पहले मैच में चीन के गुआंग जू लू का सामना करेंगे। पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत का सामना थाईलैंड के कांताफोन वांगच-रोएन से होगा जबकि किरण जॉर्ज का सामना क्वालीफायर से होगा। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इंडोनेशिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी जबकि उनकी हमवतन खिलाड़ियों को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अनुपमा उपाध्याय थाईलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन रतचानोक इंतानोन से भिड़ेंगी जबकि मालविका बंसोड़ को ड्रॉ में चीन की फेंग जी गाओ के खिलाफ रखा गया है। आकर्षि कश्यप का सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त यू हान से होगा। महिला युगल में नौवीं रैंकिंग वाली त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी अपने शुरुआती मैच में क्वालीफायर का सामना करेंगी। प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा भी महिला युगल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगी। पुरुष युगल में भारत का प्रतिनिधित्व पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के साथ हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की जोड़ी द्वारा किया जाएगा।

### स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा ने आईसीसी रैंकिंग में अपना स्थान कायम रखा

**दुबई :** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने मंगलवार को यहां जारी ताजा आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों की रैंकिंग में क्रमशः अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा। मंधाना के अलावा कोई अन्य भारतीय शीर्ष-10 में मौजूद नहीं है। सूची में कप्तान हरमनप्रीत कौर 11वें स्थान पर, जेमिमा रोड्रिग्स 15वें स्थान पर और शेफाली वर्मा उनसे एक पायदान नीचे हैं। बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं, उनके बाद टीम की साथी तहलिया मैकग्रा मौजूद हैं। मूनी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 75 और 70 रन बनाकर शीर्ष पर अपनी बढ़त में इजाफा किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में 32 रन की पारी खेलने वाली फोबे लिचफील्ड तीन स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गईं।

## कोलकाता और राजस्थान की नजर अपनी कमजोरियों में सुधार करने पर

**गुवाहाटी :** अपने शुरुआती मैचों में पराजय का स्वाद चखने वाली गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को जब एक दूसरे का सामना करेंगी तो उनका लक्ष्य अपनी कमजोरयों को जल्द से जल्द दूर करना होगा। नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जहां रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) से सात विकेट से हार का सामने करना पड़ा वहीं राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद से 44 रन की करारी हार झेलनी पड़ी। इन दोनों मैच में नाइट राइडर्स और राजस्थान की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में आक्रामकता दिखाने में असफल रही। सुनील नारायण को छोड़कर नाइट राइडर्स का कोई भी गेंदबाज आरसीबी के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाया। इस मैच से पहले अच्छी फॉर्म में चल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती




का अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाना उसके लिए चिंता का विषय होगा। ईडन गार्डन्स की पिच पर फिल साल्ट और विराट कोहली ने चक्रवर्ती के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। नाइट राइडर्स की टीम को उम्मीद होगी कि यह स्पिनर गुवाहाटी में वापसी करने में सफल रहेगा। नाइट राइडर्स की निगाह एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी टिकी रहेंगी जो पीठ की जकड़न से उबर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका का यह तेज गेंदबाज अगर फिट घोषित होता है तो उन्हें स्पेंसर जॉनसन की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। पिछले मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे और नारायण के आउट होने के बाद नाइट राइडर्स का मध्यक्रम बिखर गया था। वेंकटेश अय्यर और आंद्रे रसेल गलत शॉट खेलकर आउट हुए। टीम प्रबंधन को अब उम्मीद रहेगी कि वह शॉट चयन में सतर्कता बरतेंगे। नाइट राइडर्स को इसके अलावा रिंकू सिंह से भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद रहेगी।



# सड़क दुर्घटनाओं के कारण भारत को सालाना जीडीपी का तीन प्रतिशत का नुकसान: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश में सालाना करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और इस वजह से भारत को हर साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन प्रतिशत नुकसान हो रहा है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एएमसीए-चएएम) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप: अमेरिका-भारत साझेदारी' शीर्षक वाले कार्यक्रम में कहा कि देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण समस्या सड़क दुर्घटनाएं हैं।



उन्होंने कहा कि भारत में हर साल 4,80,000 दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1.88 लाख लोग मारे जाते हैं। मंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि 10,000 मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की होती हैं। गडकरी ने कहा, 'यह प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों में एक है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी का तीन प्रतिशत हिस्सा खो रहे हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी एक है। उन्होंने कहा, 'डीपीआर सलाहकार सड़क दुर्घटनाओं के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। कभी-कभी लागत बचाने, अन्य विभिन्न कारणों और गैर-गंभीर नजरिये के कारण ऐसा होता है।' गडकरी ने कहा कि जो भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेगा, सरकार ने उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई व्यक्ति दुर्घटना के बाद किसी अस्पताल में भर्ती होता है... तो हम उसे इलाज के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये या सात साल तक इलाज का खर्च दे सकते हैं।'

### रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा में आये सुधार तथा आयातकों की बढ़ती डॉलर मांग के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपये में तेजी के सिलसिले पर रोक लग गई और यह 11 पैसे की गिरावट के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पिछले सात कारोबारी सत्रों में रुपया लाभ में रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रुपये में सात दिन से जारी तेजी रुक गई, जो जोखिम से बचने की दिशा में बाजार धारणा में आये बदलाव को दर्शाता है। हालांकि, मिश्रित-से-सकारात्मक घरेलू बाजारों और विदेशी कोषों के प्रवाह ने रुपये की गिरावट को सीमित कर दिया।

### भारत, अमेरिका के अधिकारी बुधवार से द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर करेंगे चर्चा

नयी दिल्ली : डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की धमकियों के बीच भारत और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारी बुधवार को यहां प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तीन-दिवसीय वार्ता शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए अमेरिका के दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के लिए सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच अधिकारियों की एक टीम के साथ इस समय भारत आए हुए हैं। लिंच वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल के साथ चर्चा करेंगे। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष अपने विचार-विमर्श के दौरान समझौते की रूपरेखा, वार्ता कार्यक्रम और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देंगे।

### ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह 25,610 उड़ानों का परिचालन करेंगी भारतीय एयरलाइंस

**मुंबई :** भारतीय एयरलाइन कंपनियां इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह कुल 25,610 उड़ानों का परिचालन करेंगी। नागर विमानन महानिदेशक ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले साल इस दौरान प्रति सप्ताह 24,275 उड़ानें संचालित हुईं थीं। इस तरह प्रति सप्ताह कुल उड़ानों की संख्या में इस साल 5.50 प्रतिशत सालाना वृद्धि होगी। डीजीसीए ने कहा कि मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम, जो 29 मार्च को खत्म हो रहा है, में प्रति सप्ताह उड़ानों की संख्या सालाना आधार पर 2.41 प्रतिशत बढ़ीं। इस दौरान भारतीय एयरलाइंस ने देश में 124 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह कुल 25,007 उड़ानों का संचालन किया।

## घरेलू शेयर बाजारों में लगातार सातवें सत्र में तेजी, सेंसेक्स 33 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मुनाफावसूली हावी रहने से मंगलवार को मानक सूचकांक मामूली बढ़त के साथ लगातार सातवें दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 33 अंक की बढ़त में रहा जबकि निफ्टी में 10 अंक का सुधार देखा गया। विश्लेषकों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली जारी रहने के बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपये में आई गिरावट से बाजार का लाभ सीमित रहा। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 32.81 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 757.31 अंक बढ़कर 78,741.69 अंक तक पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली ने इसकी बढ़त सीमित कर दी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 10.30 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 23,668.65 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में बढ़त दर्ज की गई।

## कर अधिकारी तलाशी में व्यापक मूल्यांकन के तहत सिर्फ अघोषित आय का निर्धारण करेंगे: वित्त विधेयक

**नयी दिल्ली :** कर अधिकारी तलाशी के मामलों में व्यापक मूल्यांकन के लिए सिर्फ अघोषित आय का निर्धारण करेंगे, न कि करदाता की कुल आय का। सरकार ने इसके लिए वित्त विधेयक, 2025 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। लोकसभा ने वित्त विधेयक को मंगलवार को मंजूरी दी और उक्त संशोधन एक सितंबर, 2024 से पिछली तारीख से प्रभावी होगा। सरकार ने आयकर अधिनियम के अध्याय 14-बी में संशोधन किया है, जिसके जरिये 'कुल आय' के आकलन की अवधारणा को 'अघोषित आय' के आकलन से बदल दिया गया है। यह उन 35 संशोधनों का हिस्सा है, जिन्हें लोकसभा ने मंगलवार को वित्त विधेयक, 2025 में मंजूरी दी। आयकर विभाग ने 'अक्सर पूछे जाने वाले सवाल' (एफएक्यू) जारी कर बताया कि यह एक आदर्श बदलाव है, जहां तलाशी का मकसद अघोषित आय का पता लगाना है।

अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन
1, अग्रसेन स्ट्रीट, लिलुआ,
हावड़ा – 711204
Affiliated to CISCE, New Delhi

अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल
21/A, अग्रसेन स्ट्रीट, लिलुआ,
हावड़ा–711204
Affiliated to CISCE, New Delhi



कीर्तिर्यस्य स जीवति

महाराजा अग्रसेन के परम् अनुयायी, पितृभक्त, जनसेवा भाव से ओत-प्रोत उत्तर हावड़ा एवं निकटवर्ती क्षेत्र में बालक-बालिकाओं के उत्थान एवं उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति आजीवन निःस्वार्थ भाव से समर्पित परम शिक्षानुरागी **श्री बासुदेव टिकमानी** के पंचम प्रयाण दिवस पर हम सभी अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन एवं अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल के पदाधिकारी, शिक्षक वृन्द, कर्मचारी एवं 8000 छात्र-छात्रायें उनके प्रति हृदय से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन एवं अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल

श्रीमती अबीरा दास
प्रिंसिपल
अग्रसेन ब्वॉयज स्कूल

सरोज कुमार श्रीवास्तव
प्रिंसिपल
अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन

वर्ष 9, पूर्णांक 4187 अंक 337, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in